तापमान
अधिकतम 34 .9 डिग्री
न्यूनतम 16 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 12 अप्रैल 2026

12 चार घंटे तक किसान अनाजमंडी के सामने डटे...



12 कलयुग में भी जीवित होकर अपने भक्तों की रक्षा कर रहे हैं हनुमान



## खबर संक्षेप

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में रात के समय दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी बाइक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### टक्कर मारकर हत्या मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने शादी समारोह में थार गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में थाना इस्माईलाबाद पुलिस टीम ने शादी समारोह में थार गाड़ी से टक्कर मारने मामले के मुख्य आरोपी दिपांशु हवन वासी इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। 5 अप्रैल 26 को थाना इस्माईलाबाद की टीम ने मामले के आरोपी सोमनाथ वासी इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया था।

### सिवाह में नहर से अज्ञात का शव मिला

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में बाईपास के पास दिल्ली पैरलल नहर से करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। इधर, पुलिस की जांच में मृतक से ऐसी कुछ बरामद नहीं हुआ जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने जहां शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया, वहीं मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए है। पुलिस ने सोनीपत, करनाल, जींद, रोहतक, कैथल जिलों की पुलिस को भी मृतक का फोटो भेज कर उसकी शिनाख्त में सहयोग मांगा है।

### जिला सचिवालय में महिला पुलिस से छेड़खानी

**पानीपत।** पानीपत के जिला सचिवालय में तैनात एक महिला स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) ने यशपाल मलिक नामक व्यक्ति के साथ ड्यूटी के दौरान छेडखानी करने, जातिसूचक शब्द कह कर अपमानित करने, ड्यूटी को बाधित करने के आरोप में थाना सिटी में केस दर्ज करवाया है। महिला एसपीओ का आरोप है कि यशपाल मलिक उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। पांच मार्च को जब वह ड्यूटी पर थी तो यशपाल मलिक ने उसकी ओर अश्लील इशारे किए और उसकी चुन्नी उतार दी, वहीं, जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया।

### 13.38 करोड़ की लागत से मथाना-बाबैन मार्ग को किया जाए 7 मीटर चौड़ा

# प्रदेश को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित व स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्धः नायब सैनी

- महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शिरकत
- सीएम ने महात्मा ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन बाबैन की रखी आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार महात्मा ज्योतिबा फुले की शिक्षाओं पर चलते हुए प्रदेश को शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन और उनके विचार हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जो समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित हो। मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र के बाबैन में सैनी सभा, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह एवं सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा रखी सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले कॉलेज ऑफ नर्सिंग खोले जाने की मांग को पूरा करने तथा स्वैच्छिक कोष से 51 लाख रुपये संस्था को देने की घोषणा भी की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 13 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से मथाना-बाबैन मार्ग को 5.5 मीटर से बढ़ाकर 7 मीटर चौड़ा करने की भी घोषणा की। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने स्वयं तथा कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की तरफ से 11-11 लाख रुपये संस्था को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बड़े ही गर्व और गौरव की बात है कि आज हम ऐसे महापुरुष की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने अपने विचारों, अपने संघर्षों और अपने कर्मों से भारत के सामाजिक इतिहास को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महात्मा ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की आधारशिला भी रखी गई है। शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का जो सपना महात्मा फुले ने देखा था, यह संस्थान उसी सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर, राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। उन्होंने सैनी शिक्षा समिति की समाज के उत्थान के लिए निरंतर किए जा रहे कार्य की सराहना भी की।

**बाबैन में खुलेगा कॉलेज ऑफ नर्सिंग**



कुरुक्षेत्र। उपस्थित जनों को संबाधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की सोच पर चल रहे पीएम मोदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा फुले जी ने केवल शिक्षा तक ही अपने कार्य को सीमित नहीं रखा। उन्होंने समाज के हर उस वर्ग के लिए आवाज उठाई, जो शोषण और अन्याय का शिकार था। आज जब हम 21वीं सदी के भारत में खड़े हैं, तो भी महात्मा फुले जी के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर गति से बढ़ रहा है। यह मंत्र उस समावेशी सोच का प्रतीक है, जिसकी नींव महात्मा फुले जी ने रखी थी। आज सरकार की विभिन्न योजनाएं—चाहे वह गरीबों के लिए आवास हो, स्वास्थ्य सुविधाएं हों या स्वच्छता अभियान—सभी का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के अनुरूप हमने हरियाणा में जनहित में अनेक निर्णय लिए हैं।



कुरुक्षेत्र। बाबैन में महात्मा ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### ज्योतिबा फुले के मार्ग का सरकार कर रही अनुसरण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले के दिखाए मार्ग का ही वर्तमान सरकार अनुसरण कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं की शिक्षाओं पर चलते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का आगाज किया। महात्मा ज्योतिबा फुले ने उस वक्त कहा था कि शिक्षा के बगैर व्यक्ति अधूरा है। आज सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है, जो उस सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व सांसद गुरदयाल सैनी, पूर्व मंत्री बलबीर सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, राज्य सूचना आयुक्त परमवीर सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, मेयर कोमल सैनी, प्रवक्ता जवाहर सैनी, चेयरमैन जसविंदर सिंह जस्सी, सैनी शिक्षा समिति के प्रधान नायब पटाक माजरा, वरिष्ठ उप प्रधान गुरमीत सैनी, कौशल सैनी, डिंपल सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, महामंत्री अवतार सैनी, चेयरपर्सन कमलेश सैनी, उद्योगपति प्रदीप सैनी पिहोवा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी।

# लाखों की चरस व 120 ग्राम हेरोइन के साथ दो काबू

- जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने किया आरोपियों को गिरफ्तार
- अदालत में पेश कर लिया आरोपियों का रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने दो अलग अलग स्थानों से पांच किलोग्राम चरस व 120 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद चरस की कीमत करीब 20 लाख रुपये और हेरोइन की कीमत करीब पांच लाख रुपये है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है।

डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक नशीले पदार्थों के साथ गांव तेलीपुरा बाईपास पुल के पास घूम रहा है। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। पूछताछ पर जिनकी पहचान मुखर्जी पार्क जगाधरी निवासी राजकुमार उर्फ चाकू पुत्र त्रिवेणी के नाम से हुई। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार सरस्वती नगर संदीप शर्मा को बुलाया गया। तलाशी के दौरान आरोपी से 120 ग्राम हेरोईन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया।

डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की दूसरी टीम ने स्टार्च मिल रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक आरोपी को पांच किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान अब्दुल मनान अंसारी पुत्र रेफूल अंसारी गांव मोहम्मदपुर मालदा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। बरामद चरस की कीमत करीब 20 लाख रुपये है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

### अग्निशमन कर्मियों की चौथे दिन भी हड़ताल जारी



**कुरुक्षेत्र।** अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कर्मचारी चौथे दिन शनिवार को भी हड़ताल पर रहे। 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद में अग्निशमन विभाग के दो कर्मचारी शहीद हुए उनकी शहादत को शहीद का दर्जा दिलवाने के लिए चौथे दिवसीय हड़ताल है जिसकी अध्यक्षता प्रधान मनजीत सिंह ने की और मंच का संचालन नेकीराम ने किया। सर्व कर्मचारी संघ से राज्य के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी संदीप सांगवान, जिला सचिव संदीप नरवाल व ब्लाक प्रधान थानेसर विशाल सेन मौके पर मौजूद रहे। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ जिला कुरुक्षेत्र की टीम ने हड़ताल का समर्थन किया। राम नाथ, संदीप सिंह संदीप सागवान, रामेश्वर सिंह, हाकम सिंह, कुलदीप सिंह, जगमीत सिंह, करनैल सिंह, राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# इनेलो विधायक की फैक्ट्री पर फायरिंग मामले में पुलिस की दो बदमाशों के साथ मुठभेड़

- एक बदमाश के पैर पर लगी गोली, अस्पताल में उपचाराधीन
- आरोपियों से दो पिस्टल व एक बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव जठलाना में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीती रात जठलाना क्षेत्र में सीआईए टू पुलिस टीम और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी को भी पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से दो पिस्टल और एक बाइक बरामद हुई है। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है



जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी अमन को सात अप्रैल को गिरफ्तार किया था। आरोपी अमन ने भी पुलिस कस्टडी से भागने का प्रयास किया था। पुल से गिरकर वह भी घायल हो गया था। आरोपी अमन का इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। तीनों आरोपी जिला कुरुक्षेत्र के सुनहरी खालसा गांव के रहने वाले हैं और आपस में करीबी दोस्त बताए जा रहे हैं। तीनों ने कुख्यात नौनी राणा और इनामी बदमाश शुभम पंडित के इशारे पर पूर्व विधायक की फैक्ट्री पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि पुलिस को बीती रात दोनों आरोपियों की जठलाना क्षेत्र में मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सीआईए टू टीम ने इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने गांव कांजनु के पास पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जिसमें एक आरोपी हर्ष के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने आरोपी हर्ष और उसके साथी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

# 25 गांवों में बस सेवा बंद, बस चालक को फायर ब्रिगेड पर तैनात किया, ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

- बस सेवा बंद होने से यात्री परेशान, दैनिक यात्रियों के साथ स्कूल-कॉलेज के छात्र भी मुसीबत में, शाहाबाद से साढ़ौरा के लिए चलती थी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शाहाबाद से साढ़ौरा वाया तंदवाल चलने वाली रोडवेज बस सेवा पिछले चार दिनों से ठप है। इसकी वजह से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को गांव तंदवाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किसा। साथ ही सरकार और परिवहन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने बस चालक की डयूटी को रोडवेज बस से हटाकर फायर ब्रिगेड में लगा दी। इसके चलते इस रूट पर बस



बराड़ा। तंदवाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

सेवा चरमरा गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह बस शाहाबाद से साढ़ौरा वाया तंदवाल रूट नंबर 86 पर चलती थी। करीब 25 गांवों के लोगों के लिए आवागमन का मुख्य साधन थी। इस बस के बंद होने से स्कूली बच्चों, कॉलेज विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि हर दिन इस बस से सैकड़ों यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचते थे लेकिन पिछले चार दिनों से बस सेवा बंद होने से उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह बस रोजाना पांच चक्कर लगाती थी। शाहाबाद, रावा, पाडलू, डाडलू, सोहाता, राउमाजरा, तंदवाल, चहलमाजरा, दादुपूर, सज्जनमाजरी, मौजगढ़ मोड़, बराड़ा, होली, दोसड़का, सिंबला, डुलियानी, धनौरा, बिंजलपुर, जफरपुर, सरदेहड़ी, शेरपुर, सरांवा, कनीपला और साढ़ौरा सहित लगभग 25 गांवों को जोड़ती थी।

### पांच चक्कर लगाती थी बस

अंबाला डिपो की यह बस इस रूट पर पूरे दिन में पांच चक्कर लगाती थी। यह बस सुबह बराड़ा से शाहाबाद के लिए रवाना होती है। बस बराड़ा बस स्टैंड से सुबह 6.30 बजे चलती थी और 7.05 बजे गांव तंदवाल पहुंचती थी। लगभग 7.30 बजे शाहाबाद बस स्टैंड पर पहुंचती थी। इसके बाद यह बस शाहाबाद से साढ़ौरा वाया तंदवाल के लिए लगभग 7.45 बजे रवाना होकर 8.20 तक गांव तंदवाल पहुंच जाती थी। साढ़ौरा पहुंचने के बाद यह बस फिर शाहाबाद की ओर चलती थी। लगभग 10.15 बजे गांव तंदवाल पहुंचती । इसके बाद शाहाबाद पहुंचकर यह बस लगभग 11.15 पर दोबारा शाहाबाद से साढ़ौरा के लिए रवाना होकर करीब 11.45 पर गांव तंदवाल पहुंचती है। फिर साढ़ौरा से वापस शाहाबाद की ओर आते हुए यह बस दोपहर करीब 2.15 बजे गांव तंदवाल में पहुंचती रही।

# किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकारः ढांडा

- शिक्षा मंत्री ने किया मंडियों का दौरा, फसलों की खरीद का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने पानीपत मंडी में पहुंचकर खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया और यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निगरानी की कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मंडी दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री ने मंडी में ढेरियों पर जाकर किसानों की फसल का निरीक्षण किया व अपने सामने ही



पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा अनाज मंडी में फसल की खरीद का जायजा लेते।

फसल की नापतोल करवाई और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ढांडा ने किसानों और व्यापारियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को समझा और भरोसा दिलाया कि सरकार हर स्तर पर किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर किसान की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व स्वामी धर्मदेव के मार्गदर्शन में स्मृति न्यास का गठन

# विभाजन की विभीषिका झेलने वालों की याद में बनेगा राष्ट्रीय स्मारक

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व स्वामी धर्मदेव के मार्गदर्शन में स्मृति न्यास का गठन
- रमेश चंद जुनेजा को बनाया गया आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष, बंटवारे के समय मिले घावों से नई पीढ़ी को रूबरू कराएगा न्यास : बोधराज सीकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश की आजादी के समय वर्ष 1947 के विभाजन की उस अमानवीय त्रासदी में लाखों लोगों ने अपना घर-बार खोया और अनगिनत जिंदगियां मजहबी उन्माद की भेंट चढ़ गईं। उन बलिदानों और संघर्षों को संजोने के लिए विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास के गठन की घोषणा की गई



करनाल। बैठक में जानकारी देते हुए केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल।

है। केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका स्मृति न्यास का गठन किया गया है। नए न्यास के सेटलर एवं संस्थापक अध्यक्ष स्वामी धर्मदेव और ट्रस्ट के नवनियुक्त महामंत्री बोधराज सीकरी ने बताया कि मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के चेयरमैन रमेश चंद जुनेजा को इस ट्रस्ट का आजीवन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नई टीम में सुमन कांत मुंजाल, सुनील सचदेवा, सुनील सतीजा, राजीव गुलाटी, मनमोहन चावला, अजय खन्ना, पीके दत्ता, राजीव मुकुल, दिनेश नागपाल, पूर्ण डाबर, सुरजीत ओबेरॉय, बलदेव राज भाटिया, सुमित नंदा, प्रवीण भाटिया, सतीश ग्रोवर, अभिषेक बंगा को शामिल किया गया है।

### ऋषिकेश हरिद्वार में विशाल विभाजन स्मारक और संग्रहालय निर्माण प्रस्ताव

बोधराज सीकरी ने बताया कि न्यास ऋषिकेश हरिद्वार में विशाल राष्ट्रीय स्मारक और अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण करेगा। न्यास न केवल उस दौर के दर्द को याद रखेगा, बल्कि नई पीढ़ी को भारत की मिट्टी के उस सबसे गहरे घाव से रूबरू कराएगा, जो बंटवारे के समय मिले थे। इस स्मारक में भगवान राम, अरूट महाराज, माता हिंगलाज, महर्षि कश्यप, गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह, शहीद भगत सिंह, शहीद मदन लाल ढींगरा कई अन्य समाज के चित्र प्रदर्शित किये जाएंगे। प्रस्तावित संग्रहालय में हॉरर गैलरी और विस्थापन गलियारा बनाया जाएगा, जहां अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से उन दृश्यों को दर्शाया जाएगा। सीकरी के अनुसार, ट्रस्ट के सदस्य बनने की सहमति सुभाष अरोड़ा, हरिंदर होरा, संजीव कुमार, ओमप्रकाश कथूरिया, दीप कालरा, चंद्रशेखर तनेजा, विकास कपूर ने दी है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक संतों ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनिजी, ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर की संस्थापिका आनंदमूर्ति गुरु मां, रोहतक जिला के कलानौर स्थित प्रसिद्ध गद्दी टिकाणा सती भाई साईं दास जी के श्री 108 महंत राम सुखदास जी महाराज को ट्रस्ट में मुख्य संरक्षक, संरक्षण के रूप में मनोनीत किया गया है। इनके अलावा असम के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी, सेवानिवृत्त आईएएस सुरीना राजन कुमार, सेवानिवृत आईएएस मुकेश आहूजा, सेवानिवृत कुलपति डा. अशोक दिवाकर, सेवानिवृत कुलपति डा. मार्कण्डेय आहूजा को भी शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज

**करनाल।** विशाल भगवती जागरण मंडल की ओर से 12 अप्रैल को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन एसडी मंदिर में किया जाएगा। जिसमे पांच जरूरतमंद कन्याओं कीc शादी की जाएगी। विशाल भगवती जागरण मंडल के पदाधिकारियों हबंस चुघ, सन्नी बजाज, ललित चुघ ने बताया कि हर वर्ष मंडल की ओर पांच जरूरतमंद कन्याओं की शादी की जाती है। जिसके तहत 12 अप्रैल को पांच जरूरतमंद कन्याओं की मंडल की ओर से कराई जाएगी। शादी समारोह में समाजसेवी सुशील जैन, अनिल गर्ग व अनिलजैन मुख्य रूप से कन्याओं को आशीर्वाद देने के शिरकत करेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**करनाल।** इंद्री रोड पर गांव समौर और रंभा के बीच सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

मृतक की पहचान राजीव कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय ऋतिक शर्मा के रूप में हुई है, जो ट्रांसपोर्ट का काम करता था। जानकारी के अनुसार वह शुक्रवार रात स्कॉर्पियो गाड़ी से घर लौट रहा था। अज्ञात वाहन ने उसकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक परिवार का इकलौता कमाने वाला था। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### छात्रा से छेड़छाड़ व अपहरण का प्रयास

**करनाल।** सदर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ और अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत के अनुसार 16 वर्षीय छात्रा 12वीं कक्षा में पढ़ती है और काफी समय से बसंत विहार निवासी सूरज नामक युवक उसे परेशान कर रहा था। वह रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता था।

शुक्रवार को स्कूल से लौटते समय आरोपित ने छात्रा के साथ फिर छेड़छाड़ की और जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद एक महिला के हस्तक्षेप से आरोपी वहां से फरार हो गया।

### 1.58 लाख 491 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**करनाल।** जिला की मंडियों में गेहूं की आवक जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे जिनका समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि गत दिवस तक जिला में करीब 1 लाख 58 हजार 491 मीट्रिक टन की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई। खरीद एजेंसियों द्वारा 51027 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 13838 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 27105 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा 10084 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा।

# 12 और 13 अप्रैल को भी हड़ताल पर रहेंगे कर्मचारी

## जिले के सभी दमकल केंद्रों पर धरना जारी रखा जाएगा

- सरकार पर कर्मचारियों की अनदेखी के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। धरने पर बैठे दमकल कर्मचरी। फोटो : हरिभूमि

अग्निशमन कर्मचारी यूनियन ने हरियाणा में फायरब्रिगेड कर्मचारियों की हड़ताल को एक बार फिर बढ़ा दिया है। अब 12 और 13 अप्रैल को भी सभी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। दमकल केंद्रों पर धरना जारी रखा जाएगा। इधर सर्व कर्मचारी संघ के साथ सीटू और कई अन्य कर्मचारी संगठनों ने दमकलकर्मियों की मांगों का समर्थन करते हुए हड़ताल में साथ देने का वादा किया है। दमकल केंद्र सेक्टर चार में शनिवार को धरना जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकन नारेबाजी की। सरकार पर कर्मचारियों की अनदेखी के आरोप लगाए। इस मौके पर अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के करनाल जिला प्रधान संदीप त्यागी ने कहा कि फायरब्रिगेड कर्मचारियों को बड़ा आंदोलन करने के लिए सरकार मजबूर कर रही है। फरीदाबाद हादसे में मारे गए दो कर्मचारियों को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए। यूनियन उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए देने की मांग भी कर रही है। दमकलकर्मी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। सरकार कर्मचारियों को जोखिम भत्ता पांच हजार रुपए महीना दे। साथ ही 7500 रुपए वर्दी भत्ता प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की मांगों में 31 दिसंबर 2025 को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार फायर कर्मियों को पक्का किया जाए तथा पे रोल पर लगे कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की जाए शामिल हैं। इस अवसर पर सीटू नेता जगपाल राणा व आशा वर्कर यूनियन की सचिव सुदेश ने कहा कि कर्मचारी कभी हड़ताल पर नहीं जाना चाहते, लेकिन सरकार उन्हें मजबूर कर देती है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर कैशियर धर्मवीर राणा, सचिव कमलजीत, उपप्रधान विक्रम पुनिया, सुनील राणा, सर्व कर्मचारी संघ के सचिव सेवाराम बड़सर, प्रदीप, महावीर, दिनेश राणा, रजनीश, राकेश शर्मा, देवेंद्र, तारा सिंह, संजीव राणा, कपिल, उधम सिंह राठी, नीरू देवी व रामकुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

# ठरी व फफड़ाना गांवों की जमीन का मुआवजा बढ़ा



- 10 लाख से बढ़ाकर 16 .67 लाख प्रति एकड़ मुआवजा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने करनाल जिले की असंध तहसील के गांव ठरी और फफड़ाना की अधिगृहीत भूमि के मुआवजे को बढ़ाने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुआवजा राशि को 10 लाख रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 16 लाख 67 हजार 642 रुपये प्रति एकड़ करने के आदेश दिए हैं।

यह निर्णय न्यायमूर्ति हरकेश मनुजा की अदालत ने सुनाया। हालांकि, असंध क्षेत्र की भूमि के मुआवजे को और बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं को अदालत ने खारिज कर दिया। मामले में भूस्वामियों की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 7 फरवरी 2007 को सड़क निर्माण के लिए ठरी, फफड़ाना और असंध की जमीन अधिग्रहित की थी। उस समय भूमि अर्जन कलेक्टर ने 10 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा तय किया था। इसके खिलाफ भूस्वामियों ने अदालत का रुख किया। अदालत ने अलग-अलग मामलों में अलग फैसले दिए थे, जिसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा। हाईकोर्ट ने अब ठरी और फफड़ाना गांवों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मुआवजा राशि बढ़ा दी है, जबकि असंध की याचिकाओं को खारिज करते हुए पूर्व निर्णय को बरकरार रखा है।

# रक्तदान से समाजसेवा का दिया संदेश

- पत्रकार एकता मंच तरावड़ी की ओर से किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



तरावड़ी। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए।

पत्रकार एकता मंच तरावड़ी की ओर से आज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।

इस अवसर पर करनाल सिविल अस्पताल से आई रेड क्रॉस की टीम ने अपने स्टाफ के साथ शिविर में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. संजय के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने रक्तदाताओं की जांच, मार्गदर्शन और सुरक्षित रक्त संग्रह की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। शिविर में कुल 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह एक ऐसा नेक कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है।

विधायक ने रक्तदाताओं को बैज पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान भी किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़ा ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने शहर के युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान शिविरों में भाग लेकर मानव सेवा के इस कार्य में अपना योगदान दें।

शिविर में पत्रकार एकता मंच के सदस्य वीरेंद्र जांगड़ा, रोहित रामसर, संदीप कटारिया, जोगिंदर चौहान, पंकज ठाकुर, राजकुमार खुराना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**करनाल।** शहर में प्लॉट दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विकास कॉलोनी निवासी अमित बडसर ने बताया कि उसे सेक्टर-35 में राजदरबार कंपनी के प्लॉट बिकने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वह अपने रिश्तेदार रूपेंद्र कुमार के साथ प्लॉट देखने गया, जहां कंपनी के कर्मचारी दीपक ने प्लॉट दिखाए।

आरोप है कि 27 अक्तूबर 2025 को सेक्टर-32 स्थित कंपनी के ऑफिस में दीपक और सागर ने पांच प्लॉटों की बुकिंग तय कर 15 लाख रुपये नकद और 5 लाख रुपये का चेक ले लिया।

बाद में जब शिकायतकर्ता दोबारा ऑफिस पहुंचा तो पता चला कि दोनों कर्मचारी नौकरी छोड़ चुके हैं। आरोपितों ने फोन पर पैसे लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में संपर्क तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

## कोर्ट में पेश कर जेल में भेजा

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 2,500 रुपये नगदी व मोबाइल फोन किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना असंध के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सालवन की टीम ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए चौकी सलवान इंचार्ज उप निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार शुक्रवार की रात आरोपी ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर 2,500 रुपये की नगदी व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया था और मौके से फरार हो गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अंकुश निवासी गांव सालवन करनाल को गांव सालवन क्षेत्र से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी का एक मोबाइल फोन व 2,500 रुपये की नगदी बरामद की गई।

पुलिस द्वारा आरोपी को आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पराली प्रबंधन मशीन की खरीद पर सब्सिडी का एक और मौका

- पराली जलाने की घटनाओं पर रोक के लिए खरीदी थी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान धान की फसल के अवशेषों के प्रबंधन और पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की खरीद पर सब्सिडी प्रदान की गई थी। आवेदन आमंत्रित करने से लेकर सब्सिडी के वितरण तक की पूरी प्रक्रिया विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूरी की गई थी। लेकिन कुछ निर्माताओं द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी न किए जाने के कारण 72 किसानों को सब्सिडी जारी नहीं की जा सकी थी। उन्होंने बताया कि किसानों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने का एक अंतिम विशेष अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, ताकि पात्र सब्सिडी संबंधित किसानों के खातों में जारी की जा सके। इसलिए सभी संबंधित निर्माताओं को सूचित किया जाता है कि वे दो कार्यदिवस 12 अप्रैल (मध्यरात्रि) से 15 अप्रैल (मध्यरात्रि)) के भीतर विभाग के पोर्टल पर यह प्रक्रिया पूरी कर लें। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इसके बाद कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

### अनन्या बनर्जी यूएन में बनेंगी भारत की आवाज

**करनाल।** करनाल ही नहीं बल्कि भारत की बेटी अनन्या बनर्जी को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय, न्यूयॉर्क में आयोजित यूनाइटेड नैशन इकनोमिक एंड सोशल कौंसिल द्वारा आयोजित यूथ फोरम में आमंत्रित किया गया हैं। इस फोरम में अनन्या बनर्जी को इन्नोवेट यूनिट एंड ट्रांसफोरम यूथ शोपिंग द रोड टू 2030 विषय पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन 14 से 16 अप्रैल को न्यूयार्क में किया गया हैं। इसमें विभिन्न देशों के युवाओं को आमंत्रित किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि इस फोरम में अनन्या बनर्जी भारत की आवाज बनेंगी। उनके पिता मिहिर बनर्जी तथा माता गगन बनर्जी शिक्षक हैं। जो युवा मैंटोर हैं। अनन्या का जन्म 2003 में हुआ जब कन्या भ्रूण हत्या उफान पर थी।

# भजनों व रासलीला ने किया श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध

- श्री श्याम-बालाजी संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से श्री बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। यह भव्य कार्यक्रम डिवाइन बैंक्वेट हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम और बालाजी महाराज के दरबार को विशेष फूलों से आकर्षक रूप में सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे ज्योत प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा श्याम और बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया। महोत्सव में आशु भगत (निज मंदिर मुख्य पुजारी, श्री महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर) और देवेंद्र पुजारी (निज मंदिर पुजारी, चुलकाना धाम) का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। भजन संध्या में जतिन जिंदल, किशोरी कनिष्का, डॉ. दिनेश गोयल और गौरव गंधर्व ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री रासलीला रही, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु देर रात तक डटे रहे। संकीर्तन के दौरान श्याम रसोई में प्रसाद वितरण भी किया गया।

## न्यूज डायरी

### दुपहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी काबू



**करनाल।** पुलिस द्वारा दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज उप निरीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में तथा सहायक उप निरीक्षक राजेश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि निवासी नालापार राजीव कॉलोनी, हाल बालाजी कालोनी करनाल को कैथल रोड नजदीक भाखड़ा नहर पुल करनाल से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में जांच अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी द्वारा बीती 16 मार्च को थाना सिविल लाईन के क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### स्टार क्रिकेट क्लब ने शिव योद्धा को 14 रन से दी मात

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में शनिवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के तीसरे अनौपचारिक मैच में स्टार क्रिकेट क्लब ने रोमांचक मैच में शिव योद्धा को 14 रन से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टार क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में 157 रन बनाए। जिसमें विजय जांगड़ा ने 7 चौके लगाकर 43 रन की नाबाद पारी खेली। शिव योद्धा की ओर से शिव शंकर ने 2 तथा सूरज जिंदल, रवि चौहान, अरविन्द श्रीवास्तव व सुशील यादव ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव योद्धा की टीम का पहले ही ओवर में विकेट गिर गया। लड़खड़ाती पारी को संभालते हुए सुमित ने 54 तथा रवि चौहान ने 26 व आदित्य स्वामी ने 24 रन की पारी खेली। टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 143 रन ही बना सकी। स्टार क्रिकेट क्लब की ओर शानदार गेंदबाजी करते हुए राहुल धीमान व सागर ने अपने 4-4 ओवर में 23 रन देकर 2-2 विकेट लिए। वहीं शिव ने 4 ओवर में मात्र 22 रन देकर रवि चौहान का अहम विकेट लिया। स्टार क्रिकेट क्लब के कप्तान रशपाल सिंह ने अपनी टीम को बधाई देते हुए अगले मैचों में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की बात कही। मैच में अंपायर की भूमिका कमलेश चौधरी व जगदीप सिंह ने निभाई।

### पार्किंसंस के लक्षणों को नजरअंदाज न करें

**कुरुक्षेत्र।** हर साल 11 अप्रैल को दुनिया भर में 'वर्ल्ड पार्किंसंस डे' मनाया जाता है। इसका उद्देश्य एक ऐसी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना है, जो खामोशी से इंसान के नर्वस सिस्टम (तंत्रिका तंत्र) को अपना शिकार बनाती है। पार्किंसंस एक 'प्रोग्रेसिव न्यूरो-डिजनरेटिव डिसऑर्डर' है;जिसका अर्थ है कि यह समय के साथ बढ़ता जाता है और इसके कारण शरीर की गतिविधियों पर दिमाग का नियंत्रण कम होता जाता है।

यह जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने वर्ल्ड 'पार्किंसंस डे'के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम पर में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल की मेडिसिन ओपीडी में किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पार्किंसंस का सबसे बड़ा वैज्ञानिक कारण दिमाग में 'डोपामिन' नामक रसायन की कमी है,जो हमारे शरीर के 'संदेश वाहक' की तरह काम करता है और दिमाग के संदेशों को मांसपेशियों तक पहुंचाता है। जब दिमाग की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं और डोपामिन का स्तर गिर जाता है, तो शरीर के अंगों में तालमेल बिठाना मुश्किल हो जाता है। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. सिमरन कौर, डॉ. दीक्षांत मलिक, डॉ.नेहा रंगा, डॉ.सुनिधि शर्मा, डॉ.समृद्धि शर्मा, नर्सिंग अधिकारी सोनिका शर्मा, पूनम शर्मा, पूनम वर्मा, उद्योगपति ध्रुव सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

ओनिश यथार्थ, शिवा शर्मा, गायत्री ध्यानी,राजीव चोपड़ा, सुनील अत्रि, विनोद शर्मा, रोगी और उनके परिजन मौजूद थे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के माध्यम से सोए समाज को जगाया

# समाजोत्थान में फुले का योगदान अग्रणीय : शर्मा

- डीएवी कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। कालेज में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती अवसर पर उन्हें याद करते हुए डॉ. बलराम शर्मा व छात्र।

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान में महात्मा ज्योतिबा फुले का योगदान अविस्मरणीय है।

इस अवसर पर डॉ. बलराम शर्मा सहित छात्रों ने महात्मा ज्योतिबा फुले को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा के माध्यम से सोए हुए समाज को जगाने का प्रयास किया और उन्होंने समाज के लिए स्त्रियों की शिक्षा को अनिवार्य बताया। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक बुराइयों का भी विरोध किया। उन्होंने सन् 1876 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीयों को सामाजिक बुराइयों के बारे में जागरूक करना तथा समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वासों का विरोध करना था। डा. बलराम शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा, नारी सशक्तिकरण के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया। देश में सामाजिक क्रांति लाने में अन्य सामाजिक सुधारो के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। युवाओं को महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर विजय सैनी, नीरज सैनी, दक्षित कंबोज, अनुज शर्मा, दक्ष राणा, दीपांशु व सैकड़ो की संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### नेत्र जांच शिविर में 150 सफाई कर्मियों की जांच

**करनाल।** सेंटर फॉर साइट एट सरस्वती नेत्रालय, मॉडल टाउन करनाल की ओर से नगर निगम कार्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मेयर रेनू बाला गुप्ता ने किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने करीब 150 सफाई कर्मचारियों की आंखों की जांच की। साथ ही उन्हें आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने के उपाय और संतुलित खानपान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि सफाई कर्मचारियों को नियमित जांच और उचित उपचार मिल सके। उन्होंने आयोजक टीम का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मनीषा, डॉ. सलील गुप्ता, मार्केटिंग मैनेजर भूपिंदर बिष्ट, सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पद्मावत के सांग का मंचन किया

**पानीपत।** हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के उत्थान को समर्पित हरियाणा प्रदेश की संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एसडी कालेज में सांग महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को सूर्य कवि दादा लख्मीचंद के सुपुत्र विष्णु दत्त कौशिक एंड पार्टी ने पद्मावत के सांग का मंचन किया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र भारद्वाज, प्रिंस गौतम, एसडी कालेज के प्रधान दिनेश गोयल, कृीत कौशिक, मदन मोहन शर्मा, नरेंद्र गर्ग, गिरीश मानव आदि उपस्थित रहे।

### आईबी कॉलेज में कविता पाठ किया

**पानीपत।** आईबी कालेज के अंग्रेजी विभाग की टैगोर सोसायटी द्वारा आयोजित साहित्यिक सप्ताह के तहत कविता पाठ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. जोगेश, रेखा शर्मा, डॉ. रेशु, टैगोर सोसायटी से ऋतिका शर्मा, डॉ. निधि, डॉ. नेहा पुनिया, राहुल, एकता, रोशनी आदि उपास्थित रहे।

### पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़े

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने बड़ौली गांव में दुकान पर काम कर रहे राबिन पर जानलेवा हमला करने के चार आरोपियों रोहित, अभिषेक उर्फ जोनी, राहुल और जय निवासी गांव कोहंड जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। थानेदार नीरज ने बताया कि आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### डॉ. वीरेंद्र का तीन वर्ष का हुआ कार्यकाल

**पानीपत।** पानीपत के उपायुक्त डा. वीरेंद्र दहिया, निरंतर तीन वर्ष से इसी पद पर रह कर जनता की सेवा कर रहे है। वहीं, जुलाई 2024 में उन्हें प्रदेश के पर्यावरण विभाग के निदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग के पद का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया जो आज तक उन्ही के पास है। डा. दहिया वर्ष 2001 में हरियाणा सिविल सेवा कार्यकारी शाखा एचसीएस अधिकारी के तौर पर नियुक्त हुए थे वहीं, मई 2019 में प्रमोट होकर वह आईएएस बने थे।

### गोपाल कॉलोनी में दुकान से नकदी चोरी

**पानीपत।** पानीपत में गोपाल कॉलोनी में अरविंद सिंह मूल निवासी गोपालगंज, बिहार की परचून की दुकान के ताले तोड़ कर चोरों ने गल्ले में रखी लगभग 60 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। इधर, अरविंद की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से नकदी व जेवर चोरी, केस दर्ज


**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना में किराये के मकान में निवास कर रहे ओमप्रकाश के घर से चोरों ने एक लाख रुपये नकदी, चांदी से बनी चार चेन व पाजेब, सोने की एक जोड़ी बाली, सोने का एक लॉकेट, चांदी की एक जोड़ी चुटकी चोरी कर ली। घटना के समय ओमप्रकाश अपनी पत्नी पूजा के साथ कपडे खरीदने बाजार गए हुए थे। जब वापस लौटे तो घर के ताले टूटे मिले और नगदी व जेवर गायब मिले। इधर, इसराना थाना पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। जबकि पुलिस ने ओमप्रकाश की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया। पुलिस ने चोरों की तलाश के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है।

### तेल व गैस की कमी नहीं: डा.आर्य

**पानीपत।** देश में पेट्रोलियम पदार्थों का कोई अभाव नहीं है बल्कि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें समझाएं कि वे विपक्ष द्वारा फलाई गई अफवाहों से बचें। विपक्ष जानबूझकर देश में अफरा तफरी का माहौल पैदा करना चाहता है। बैठक में पार्षद सोनू संधू, आशीष शर्मा, राजबीर, काकू , गुरुदेव कुमार, दीपक , डा. राजवीर आर्य, प्रवीण , राजू, रामू, देवेंद्र , संदीप , संतु, रोहतास आदि मौजूद रहे।

## आर्य कॉलेज में सिनर्जिक में फैशन व इंटीरियर डिजाइनिंग का जलवा

# टेक्सटाइल क्षेत्र में करियर बनाएं विद्यार्थी: डॉ. गुप्ता



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ टीचर्स आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कालेज के बीवोक टेक्सटाइल एवं फैशन डिजाइनिंग और होम साइंस विभाग द्वारा शनिवार को छठें सिनर्जिक-2026 फैशन शो एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। वहीं, कालेज में फैशन, सृजनात्मकता और तकनीकी कौशल के अद्भुत समन्वय को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर्य कालेज प्रबंधक समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता

*» प्रदर्शनी में तैयार किए गए हैंडबैग, आभूषण, होम डेकोर और परिधानों को खूब सराहा गया*

प्राचार्य प्रो.डा.जगदीश गुप्ता ने की। होम साइंस विभाग की विभागाध्यक्षा डा. संतोष टिक्कू ने सबका स्वागत किया। वहीं, प्राचार्य प्रो.डा. जगदीश गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत का जीता जागता प्रमाण है। सिनर्जिक का नाम ही सहयोग और सृजन का प्रतीक है। विद्यार्थी टेक्सटाइल क्षेत्र

*» ये केवल फैशन शो नहीं, आत्मनिर्भर होते युवाओं के सपनों की उड़ान है*

में करियर बनाएं। कालेज यूजीसी द्वारा कालेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस की उपाधि से सम्मानित है। उन्होंने बताया कि आर्य कॉलेज प्रशासन ने पानीपत शहर की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कालेज में बीवोक टेक्सटाइल एवं फैशन डिजाइनिंग कोर्स की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इन कोर्स के पास आउट विद्यार्थी पूरी दुनिया में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। वहीं, ये केवल फैशन शो नहीं, आत्मनिर्भर होते युवाओं के सपनों की उड़ान है। इधर, प्रदर्शनी में तैयार किए गए हैंडबैग, आभूषण, होम डेकोर और परिधानों को खूब सराहा गया। इस अवसर पर आर्य कॉलेज की उपाचार्या डा. अनुराधा सिंह, डा. गीतांजलि साहनी, डा. मीनल तालस, विवेक गुप्ता, डा. रजनी शर्मा, डा. नीलू खालसा, माणिक गुप्ता, डा. अंकुर मित्तल, डा. वर्षा, शिक्षविद् अनुभा गुप्ता, सोनम, यशिका, नेहा, अलका, कोमल, भारती आदि उपस्थित रहे।

# टाइटल्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्राओं ने बटोरी सुर्खियां

- छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल कल की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मतलौडा



आर्य आदर्श गर्ल्स पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक समिति द्वारा अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन आज़ाद और प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने किया। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल कल की कामना की। इस दौरान 'टाइटल वितरण समारोह' मुख्य आकर्षण रहा, जहां छात्राओं को उनके व्यक्तित्व और प्रतिभा के आधार पर विशेष उपाधियों से नवाजा गया। जूनियर छात्राओं ने नृत्य और संगीत की शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। समारोह के अंत में सीनियर्स ने कॉलेज की यादें साझा कीं, जिससे माहौल भावुक हो गया। यह दिन सभी छात्राओं के लिए यादगार बन गया।

### शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी: आलम

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल पीजी कॉलेज गांव सिवाह में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह, फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत रिफाइनरी से मिस्टर शहजाद आलम हेड प्रोसेस एंड इंजीनियरिंग आईआईटी खरगपुर से अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। आलम ने छात्राओं से शिक्षित हो आत्मनिर्भर बन देश की सेवा करने का आह्वान किया। प्रिंसिपल डॉ. सुमन लता और कल्चरल इंचार्ज प्रोफेसर उर्मिला द्वारा फूलमालाएं देकर उनका स्वागत किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। वहीं, डॉ. सुमन लता ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, जिसमें उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में महाविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा साझा किया। उन्होंने वेद के उदघोष वाक्य सत्यं वदः सत्य बोलो धर्मं चरः धर्म का आचरण करो के बारे में बताया जो इस बार के स्मृति चिन्हों पर भी लिखवाया गया है। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया।



पानीपत। देवीलाल कॉलेज में पुरस्कृत मेधावी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### महिला आरक्षण कानून दूरदर्शी कदम है: ईश

**पानीपत।** भाजपा नेता ईश कुमार राणा ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय-समय पर ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा दोनों को बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानि महिला आरक्षण कानून भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है, जिसने देश की आधी आबादी को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में नई ऊर्जा भर दी है। यह अधिनियम केवल महिलाओं को आरक्षण देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नए भारत की सोच, समानता की प्रतिबद्धता और समावेशी विकास के संकल्प का प्रतीक है।



समालखा। अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों की शिक्षा में सहयोग देना मानवीय कर्तव्य: कौशिक

**समालखा।** पानीपत के गांव देहरा गांव में शनिवार को सैनी सेवा ट्रस्ट द्वारा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की 199वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक जागरूकता और शिक्षा के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, कानूनविद् विशाल कौशिक ने कहा कि शिक्षा ही सेवा का माध्यम है और समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन इसी विचारधारा का प्रतीक रहा है, इसलिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। माया देवी ने कहा कि उन्होंने समाज में समानता और जागरूकता की अलख जगाई, जो आज भी प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में 200 बच्चों को शिक्षा के लिए कॉपियां व अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। जरूरतमंद एवं सहायक लोगों को व्हीलचेयर, डंडे ,सहारा देने वाले उपकरण, कमर बेल्ट तथा अन्य सामान भी प्रदान किए गए। सैनी सेवा ट्रस्ट की चेयरमैन माया देवी, एडवोकेट विशाल, अनिल, मोहन लाल, अनिता व सुनील आदि उपस्थित रहे।

# मतलौडा की सिमरन ने पीआईईटी क्वेस्ट 2026' में रचा इतिहास

- प्रदेश के 40 कॉलेजों को पछाड़कर जीता पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मतलौडा

राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौडा की छात्रा सिमरन ने राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता 'पीआईईटी क्वेस्ट 2026' में प्रथम स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी समालखा द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हरियाणा के 40 से अधिक कॉलेजों के लगभग 800 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था।



### पुरस्कार में मिला लैपटॉप और 2.40 लाख की स्कॉलरशिप

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सिमरन ने अपने उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए उन्हें एक लैपटॉप और 2,40,000 रुपये की छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) प्रदान कर सम्मानित किया गया। सिमरन की इस उपलब्धि से पूरे महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. राजपाल कौशिक और उप प्राचार्य डॉ. रामनिवास सहित समस्त स्टाफ ने सिमरन का भव्य स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि सिमरन की यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस उपलब्धि में प्रोफेसर डॉ. दिनेश वर्मा , प्रदीप मान और पूनम राठी का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

### विशेषज्ञों ने दिए तनाव मुक्ति और टाइम मैनेजमेंट के टिप्स

**मतलौडा।** थर्मल कॉलोनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में 'मेंटल हेल्थ एवं वैलनेस' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विषय विशेषज्ञ अभिलाष शर्मा और मनीषा शर्मा उपस्थित रहे ।तनाव मुक्त जीवन के लिए योग और सकारात्मक सोच जरूरीसेमिनार के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को दूर करने के प्रभावी उपायों पर चर्चा की। मनीषा शर्मा ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव सामान्य है, लेकिन योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और अपनी पसंद की गतिविधियों में व्यस्त रहकर इससे बचा जा सकता है ।उन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि वे परिवार और मित्रों के साथ समय बिताएं ताकि मन हल्का रह सके विशेषज्ञों ने छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सही योजना और समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) के गुर सिखाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने



मतलौडा। डीएवी स्कूल थर्मल में आयोजित सेमिनार में भाग लेते। फोटो : हरिभूमि

## किसान संगठनों ने प्रदर्शन कर धरना दिया



**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा गेहूं व सरसों की सरकारी खरीद के लिए तय किए गए नियमों के विरोध में शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा की अपील पर किसान संगठनों ने पानीपत-रोहतक हाईवे पर डाहर टोल प्लाजा पर शनिवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर धरना दिया। आंदोलन में कांग्रेसियों, वामपंथियों व इनेलो ने भी भाग लिया। वहीं, आंदोलनकारी किसान संगठनों ने टोल पर हाईवे की रोहतक-पानीपत लेन को बंद करने की चेष्टा की थी। जबकि टोल प्लाजा पर तैनात बड़ी में पुलिस बल के साथ उपस्थित ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीएम नवदीप नैन, डीएसपी नरेंद्र कादियान व नवीन संधू ने आंदोलनकारियों को हाईवे बंद नहीं करने दिया। इस दौरान आंदोलनकारियों और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। दूसरी ओर, आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक जयकरण कादियान, सह संयोजक सुनील दत्त, भाकियू युवा जिला प्रधान बृजपाल बिंटू मलिक, उप प्रधान अनिल कादियान सिवाह, पूर्व प्रधान चूहड सिंह रावल, मालपुर किसान यूनियन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू मालपुरिया, जिलाध्यक्ष आजाद डाहर, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष डा. सुरेंद्र मलिक, भाकियू छोटूराम के जिलाध्यक्ष प्रदीप जागलान, ऋषिपाल नांदल जाटल, मोंटी ताहरपुर, नरेंद्र देशवाल महावटी, सुरेंद्र मलिक महावटी, चरण सिंह बिंझौल, रविंद्र धौंचक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश मलिक, पूर्व प्रत्याशी सचिन कुंडू, कंवर सिंह छौक्कर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, कांग्रेसी नेता आजाद सिंह मलिक, सतपाल वाल्मीकि, सचिन कुंडू, कंवर सिंह छोक्कर, दीपक खटकड़, रूबल संधू, डॉ. जगबीर, इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी व कृष्ण भौक्कर आदि नेताओं ने भाग लिया। जबकि वक्ताओं ने आरोप लगाया कि गेहूं की सरकारी खरीद पर प्रदेश सरकार का रवैया तानाशाही है।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए



**पानीपत।** फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृ दिवस पर जिले के गांव मांडी व बलाना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना था। इधर, संस्था की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृ दिवस का मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं की रक्षा करना और मातृत्व को सुरक्षित एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि हर महिला को सुरक्षित गर्भावस्था, उचित चिकित्सा सुविधाएं और सम्मानजनक मातृत्व मिलना चाहिए। हर मां सुरक्षित नहीं होगी, तब तक समाज का विकास अधूरा रहेगा। मातृत्व केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं तभी सफल होगी जब महिलाएं खुद जागरूक होकर आगे आएंगी और उनका लाभ लेंगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी महिला जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर गीता, रजो, सुमन, बेबीता, रीना, प्रवीन, रितु, सुनीता, पूजा, हिना, सेवानी, अनु, मोनिका, ओमपाती, सोनिया आदि मौजूद रही।

**राष्ट्रीय सुरक्षित मातृ दिवस पर जागरूकता की अलख**

## न्यूज डायरी



### मध्य एशिया में युद्ध से उद्योग प्रभावित: मित्तल

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में शनिवार को लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। लघु उद्योग भारती हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष शुभ आदेश मित्तल, महासचिव मनोज रुंगटा, कोषाध्यक्ष रमन सलूजा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अरुण बजाज समेत भिन्न-भिन्न जिलों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष कपिल गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत और अभिवादन किया। कार्यकारिणी में लघु उद्योग से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं और कठिनाइयों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके संभव समाधानों पर विमर्श किया गया। शुभ आदेश मित्तल अध्यक्ष ने कार्यकारिणी की बैठक में गत वर्ष के कार्यों और आगामी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा कर विमर्श किया। वहीं, स्वदेशी नीति को अपनाते हुए आईटी सेक्टर से सम्पर्क कर सौ नई तकनीकों को उद्योगों के लिए अपनाया। मनोज रुंगटा व रमन सलूजा ने ईरान, इजराइल व अमेरिकी युद्ध के कारण उद्यगों के लिए पैदा हुए संकट पर चर्चा की। इस अवसर पर अरुण बजाज आदि उपस्थित रहे।

### बैसाखी सदैव याद दिलाता है मानवता का पाठ: कंचन



**पानीपत।** नारी कल्याण समिति द्वारा समिति की कार्यकारिणी सदस्या रेणु बंसल के निवास पर बैसाखी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य यजमान रेणु बंसल रही। जिसमें समय से पहुंचने वाली पांच सदस्याओं को उपहार देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात बैठक का मुख्य एजेंडा प्रधान का चुनाव करना था। जिसमें सर्वसम्मति से कंचन सागर को दोबारा से अध्यक्ष चुना गया। वहीं कंचन सागर ने सबका आभार व्यक्त किया। नारी कल्याण समिति के लिए सबसे खुशी की बात है कि अंतराष्ट्रीय साहित्य अर्पण कहानियां भाव की दुनिया मंच द्वारा यू ट्यूब पर कहानी सुनाए जाने पर और समिति की प्रधान कंचन सागर द्वारा मंच संचालन की रेटिंग पर मिले बहुमत वोट हासिल होने पर कार्यक्रम की संचालिका दुबई निवासी नेहा शर्मा व सोनिया गोयल द्वारा समिति की उपप्रधान ज्योत्स्ना गर्ग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधान कंचन सागर ने बैसाखी पर्व व विक्रम संवत की महिमा का बखान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सुदेश पुनिया ने बैसाखी पर्व पर सदस्याओं द्वारा गिद्दा नृत्य और भंगड़ा डांस किया। कार्यक्रम में सरोज आहुजा, ज्योत्स्ना गर्ग,नीलम मेहता,शशि शर्मा, निशा गर्ग,शोभा गोयल, राज नंदा,सुमन सिंगला,रमेश बुद्धिराजा, इन्नरव्हील कल्ब की प्रधान रुपाली चोपड़ा शामिल रहीं। वहीं रेणु बंसल ने बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए।

## जीटी रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, यातायात जाम की समस्या का हल होगा

# पानीपत में पांच करोड़ की लागत से बनेगा मिनी बाईपास

*मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पानीपत का चहुमुखी विकास हो रहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में मॉडल टाउन के ईदगाह रोड से आठ मरला होते हुए गोहाना रोड तक जाने वाले मिनी बाईपास के निर्माण कार्य का शिलान्यास पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने स्थानीय पार्षदों तरुण गांधी, रॉकी गहलोत, अनिल मदान, नेहा योगेश शर्मा के साथ किया। विधायक ने कहा पांच करोड़ की लागत से बनेगा मिनी



पानीपत। विधायक प्रमोद विज का स्वागत करते हुए नगर निगम के पार्षद। फोटो : हरिभूमि

बाईपास। मिनी बाईपास बनने से नागरिकों को असंध रोड से गोहाना रोड आवागमन करना आसान होगा और जीटी रोड पर ट्रैफिक का बोझ कम होगा। दूसरी ओर, विधायक विज ने कहा कि पानीपत को समस्या मुक्त विधानसभा बनाना ही उनकी प्राथमिकता है। वहीं, मिनी बाईपास पर सुंदरता की दृष्टि से इसमें लाल पत्थर वाले डिवाइडर, सुंदर फैंसी लाइट्सए हरे भरे पौधे लगवाए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पानीपत का चहुमुखी विकास हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता वेद पराशर, अमित पंडित, नवल जिंदल, अजय शर्मा, प्रीतम गुर्जर, वीरेंद्र तनेजा, योगेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



अंबाला। पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत में। फोटो: हरिभूमि

### एक किलो हेरोइन सहित मुख्य तस्कर काबू

**अंबाला।** नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्पेशल गठित टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नशा तस्कर को 1 किलोग्राम हेरोइन और तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी के साथ काबू किया है। सीआईए-2 के प्रभारी के नेतृत्व में जांच टीम ने सूचना के आधार पर थाना महेश नगर के अंतर्गत कविता विहार में घेराबंदी कर आरोपी आरीमन को उस वक्त दबोचा जब वह किसी को नशा सप्लाई करने के इंतजार में था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो हेरोइन बरामद हुई। डीएसपी क्राइम वीरेंद्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना महेश नगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है, ताकि इस गिरोह के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक का पता लगाया जा सके। अभियान के दौरान अभी तक पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के कुल 40 केस दर्ज कर 76 आरोपियों को जेल भेजा है।



पुलिस हिरासत में आरोपी अमरा।

### 708 ग्राम हेरोइन तस्करी में मुख्य आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने 708 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले के मुख्य आरोपी अमर सिंह उर्फ अमरा को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 25 मार्च 2026 को थाना बलदेव नगर पुलिस ने जड़ौत रोड, दशमेश नगर से एक महिला को भारी मात्रा में नशीले पदार्थ (708 ग्राम हेरोइन) के साथ रंगे हाथों काबू किया था। पूछताछ के दौरान महिला ने खुलासा किया था कि इस काले कारोबार में उसका पति अमर सिंह उर्फ अमरा और उसका दोस्त गुरजीत मुख्य रूप से शामिल हैं। आरोपी अमर सिंह उर्फ अमरा पिछले काफी समय से गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था।

### लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 की पुलिस टीम ने बस स्टैंड धीन से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता अविनाश ने 9 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई कि बस स्टैंड धीन के पास रोहित व अन्य ने उससे 5 लाख रूपये लूट लिए हैं। सीआईए-1 ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत तफ्तीश शुरू की। दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों की पहचान रोहित कुमार , सुनील कुमार व अजय कुमार के तौर पर हुई। तीनों आरोपी यमुनानगर के रहने वाले हैं।

## किसान बोले- नए तुगलकी फरमान सरकार वापस ले

# चार घंटे तक किसान अनाजमंडी के सामने डटे, सड़क जाम कर जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर शनिवार को किसान संगठनों ने मंडी में नए नियमों के लागू करने से फसल बेचने में आ रही दिक्कतों को लेकर मंडी गेट के समक्ष सड़क जाम कर दी। इस दौरान किसानों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि नए नियमों की वजह से उनकी परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से इन तुगलकी फरमान को तुरंत वापिस लेने की मांग की। उधर अचानक सड़क जाम होने के कारण मंडी के बाहर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इसकी वजह से पुलिस को यातायात डायवर्ट करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे भाकियू टिकैत ग्रुप के युवा विंग के प्रदेशाध्यक्ष चमन गुज्जर, नरमैल सिंह, धनराज फौजी का कहना था कि प्रदेश सरकार द्वारा मंडियो में फसल बेचने को लेकर नए नए नियम व कायदे कानून बना कर उन्हें परेशान कर रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा होने के बाद अब अनाज मंडियों में बॉयोमिट्रिक सिस्टम, ट्रैक्टर ट्रॉली के नंबरों जैसे नियम थोप दिए गए हैं। उसके बाद नमी के नाम पर फसल खरीदने के नाम पर तंग किया जा रहा है।

**लंबे जाम की वजह से यातायात करना पड़ा डायवर्ट**

किसान नेताओं का कहना है कि जब आधार कार्ड, भूमि के रिकार्ड से मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण हो चुका है जिसका ब्यौरा पंजीकृत है पैसे उसी किसान के खाते में जाएंगे तो फिर ये बॉयोमिट्रिक की क्या जरूरत है ? किसानों का कहना था कि भूमि महिलाओ के व बुजुर्गों के नाम पर है क्या अब हम उन्हें साथ लाएं? किसानों को फसल बेचने के लिए धक्के खाने पड रहे हैं। ट्रैक्टर ट्रॉली के नंबर भी अबकी बार लागू कर किसान को इसलिए परेशान किया जा रहा है कि वह तंग होकर या तो अपनी फसल मंडी के बाहर बेचने को मजबूर हो जाएं या फिर खेती ही छोड़ दें।


नारायणगढ़। अनाज मंडी के सामने प्रदर्शन करते व बीच सड़क पर बैठे किसान।

### प्रदर्शन चार घंटे तक किया गया

किसान नेताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर चार घंटे तक किया गया। आगे जैसे भी ऊपर से निर्देश आएंगे उसी प्रकार आंदोलन करेंगे लेकिन इन मनमाने नियमों को लागू नहीं होने दिया जाएगा। जैसे पहले काले कानूनों को वापिस लेने के लिए सरकार को मजबूर किया था उसी प्रकार फिर से संघर्ष करना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ जम कर भड़ास निकाली। साथ ही काले कानून वापिस लेने के नारे लगाए।



### मंडियों में धक्के खा रहे किसान


शहजादपुर। अनाजमंडी में आई फसल का जायजा लेते सांसद वरूण चौधरी।

- सांसद वरूण चौधरी ने मंडी में किसानों से मुलाकात की, राज्य सरकार पर जमकर बोला हमला

**शहजादपुर।** कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना ने शहजादपुर अनाज मंडी का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गेहूं खरीद की जमीनी हकीकत जानी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसानों और आढ़तियों की व्यथा सुनने के बाद सांसद ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे हमले बोले। उन्होंने राज्य सरकार को 'किसान व गरीब विरोधी' करार दिया। उनके साथ पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मंडी में किसानों को संबोधित करते हुए वरुण मुलाना ने कहा कि अन्नदाता अपनी ही फसल बेचने के लिए मंडियों में धक्के खाने को मजबूर है। सरकार ने नए-नए पोर्टल बनाकर किसानों को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने का काम किया है।


अंबाला। मीडिया से बातचीत करती बंतो कटारिया। फोटो: हरिभूमि

## संसद और विधानसभाओं में बढ़ेगी महिलाओं की भागेदारी

- भाजपा नेता बंतो कटारिया ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में बताया ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय अंब कमल में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश की महिलाओं को राजनीति में समान भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में मजबूत भूमिका निभाने का अवसर प्रदान करेगा। कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस कानून के लागू होने से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे समाज के हर वर्ग की आवाज को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

### जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़, दिल्ली पुलिस की के स्पेशल सैल ने खंभे पर लगा कैमरा किया जब्त

**अंबाला।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल ने अंबाला में एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने नग्गल थाना क्षेत्र के मलौर गांव में दबिश देकर एक संदिग्ध सोलर पावर संचालित सीसीटीवी कैमरा बरामद किया है। यह कैमरा एक खंभे पर लगाया गया था। हैरानी की बात यह है कि यह कैमरा बकनौर स्थित एयरफोर्स स्टेशन से मात्र 5-6 किलोमीटर की दूरी पर लगाया गया था। हालांकि टीम कैमरे को अपने संग ले गई है। अभी तक किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी होने की पुष्टि नहीं है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने गांव में दबिश देकर कैमरे को जब्त कर लिया है। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर है। जांच में सामने आया है कि इस नेटवर्क के तहत ऐसे कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा था जो सिम कार्ड और सोलर पैनल से लैस हैं, इसके जरिए पाकिस्तान में बैठे आकाओं को सैन्य ठिकानों और अर्धसैनिक बलों की गतिविधियों का लाइव डेटा भेजा जा रहा था। चूंकि ये कैमरे सोलर पावर से चलते हैं इसलिए इन्हें बिजली की जरूरत नहीं होती और ये लंबे समय तक सक्रिय रह सकते हैं।

## बैशाखी पर कलाकार मचाएंगे धूम

- राज्य सरकार की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने वीसी के माध्यम से बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बैसाखी पर्व 13 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम किया जाएगा। इसी कड़ी में कुरूक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं इसके अलावा अन्य जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन करके बैसाखी पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम किया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि 13 अप्रैल को कुरूक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि बैसाखी पर्व खुशियों का पर्व है और फसल पकने की खुशी में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है।

### पंजाबी गिद्दे पर होगी जमकर मस्ती

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आयुक्त एवं सचिव को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तहत उन्हे आश्वस्त किया कि इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का काम किया जाएगा। वीसी के माध्यम से जो आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनकी अनुपालना के तहत जिला स्तर पर बैसाखी पर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक के उपरांत उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए उन्हें निर्देश दिए कि 13 अप्रैल दिन सोमवार को बैसाखी पर्व का भव्य आयोजन करते हुए उसे हर्षोल्लास के साथ मनाना है। उन्होने यह भी बताया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतर प्रस्तुतियां भी शामिल रहेगी जिसमें पंजाबी भंगडा, गिद्धा, गतका व अन्य प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, राजकीय कॉलेज छावनी के प्रधानाचार्य के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक धरोहर को संभालकर रखे समाज

- भगवान वाल्मीकि भवन में पुस्तकालय का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

भगवान वाल्मीकि भवन सिरसगढ़ के 14वें स्थापना दिवस समारोह व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष पर भगवान वाल्मिकी आश्रम में भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया । इसमें बतौर मुख्यातिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने की। मंत्री कृष्ण बेदी ने सर्वप्रथम आश्रम स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में शीश नवाया। इसके बाद उन्होंने आदि कवि भगवान वाल्मीकि पुस्तकालय का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मंत्री कृष्ण बेदी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने तीन मांगें भगवान वाल्मिकी भवन सिरसगढ़ निर्माण पूरा कराने और भवन में ई लाइब्रेरी और महिला छात्रावास बनाने की मांग मंत्री कृष्ण बेदी के समक्ष रखी । साथ ही आश्रम नें लंगर हाल बनाने की घोषणा की । इसे मंत्री कृष्ण बेदी ने पूरी करने का आश्वासन दिया ।



मुलाना। आश्रम में नए पुस्तकालय का शुभारंभ करते मंत्री कृष्ण बेदी।

### ये रहे मौजूद

कृष्ण बेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी धरोहरों और संस्कृति को संभाल कर रखना चाहिए। उन्होंने आश्रम में ई लाइब्रेरी के लिए डीसी को डी प्लान के तहत 21 लाख देने की घोषणा की साथ ही अपने निजी कोष से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गवर्नमेंट कॉलेज में हुई एलुमनी मीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व छात्र पहुंचे। पूर्व छात्रों ने अपने साथियों व टीचर्स के साथ मिलकर पुरानी यादें ताजा की। एलुमनी मीट के मुख्य अतिथि प्रो. प्रकाश रहे जो गवर्नमेंट पीजी कॉलेज से ही लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा व मीट के संयोजक डॉ. रविकांत ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने अपने समय की यादों को ताजा करते हुए पूर्व छात्रों से आह्वान किया कि वे मिलने मिलाने का सिलसिला यूं ही जारी रखें। डॉ. रविकांत ने बताया कि मीट के बड़ी संख्या में वे पूर्व छात्र पहुंचे जो अब पब्लिक व प्राइवेट सेक्टर के अच्छे पदों पर कार्यरत हैं। इस मौके पर लेक्चरर रजनी,असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक,मनीष,चेतन, जेनयू दिल्ली के स्कॉलर हिमांशु,गायत्री बाजपेयी, एयर फोर्स में कार्यरत कृति व कई अन्य पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किए। इस दौरान कई पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से भी अपनी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व छात्रों को प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा व मुख्य अतिथि ने स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रोहिणी ने किया।

- पूर्व छात्रों ने की ताजा यादें


अंबाला। एलुमनी मीट में अपने अनुभव ताजा करते पूर्व छात्र। फोटो: हरिभूमि

## महिंद्रा बीई 6 के लिए लॉन्च किया एंथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहाली

11 अप्रैल 2026: पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के मशहूर गायक दिलप्रीत ढिल्लों ने महिंद्रा की नई और स्टाइलिश कार BE 6 के साथ एक शानदार म्यूजिक कोलैबोरेशन पेश किया है। यह खास गीत आज मोहाली में आयोजित भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान लॉन्च किया गया, जहां मीडिया, फैंस और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। इस गाने में अभिनेत्री ईशा शर्मा अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खास आकर्षण जोड़ती नजर आईं। देसी क्रू के दमदार म्यूजिक और खारे आला गोपी के शानदार बोलों ने गाने को और भी एनर्जेटिक बना दिया है। गाने में महिंद्रा BE 6 को सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि स्टाइल, पावर और नए दौर की पहचान के रूप में दिखाया गया है। महिंद्रा BE 6 अपनी आकर्षक डिजाइन, दमदार लुक और मॉडर्न स्टाइल के कारण युवाओं को काफी पसंद आ रही है। इसकी स्पोर्टी पर्सनैलिटी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन गाने की एनर्जी के साथ पूरी तरह मेल खाती है। यही वजह है कि यह कोलैबोरेशन युवाओं के बीच तेजी से चर्चा का विषय बन रहा है।प्रेस कॉन्फ्रेंस का माहौल भी किसी बड़े एंटरटेनमेंट लॉन्च से कम नहीं था। दिलप्रीत ढिल्लों और ईशा शर्मा की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। यह अनोखा मेल म्यूजिक, स्टार पावर और ऑटोमोबाइल ब्रांडिंग को एक साथ जोड़ते हुए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बड़ा धमाका करने के लिए तैयार है।




### ठगी करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी योगेश उर्फ कुनाल को गिरफ्तार किया है। विवेक विहार के सचिन कुमार ने 3 मार्च 2026 को शिकायत में बताया कि 19 जनवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 के बीच आरोपी ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में पैसे कमाने का लालच दिया और उससे से 5 लाख 48 हजार 242 रूपये की धोखाधड़ी की । पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक खाता धारक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को बेचा था। उसके खाते में लगभग 95 हजार रूपये आए थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरभजन सिंह व चिराग के रूप में हुई है। पीड़ति महिला की शिकायत पर थाना सदर में विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 15 हजार रूपये की रकम हड़प ली। न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में 01 लाख 10 हजार 500 रुपये की बरामदगी हो चुकी है।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से आयोजित श्रीराम कथा में बोली साध्वी रेनू भारती

## कलयुग में भी जीवित होकर अपने भक्तों की रक्षा कर रहे हैं हनुमान

जब-जब पृथ्वी पर अधर्म और अहंकार बढ़ता है, तब भगवान विष्णु अवतार लेते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सौजन्य से श्रीराम कथामृत कालाअंब में चार दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी रेनू भारती ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने आध्यात्मिक विचारों में बताया कि जब जब भी धरती माता पर अधर्म और अहंकार का प्रकोप बढ़ता है तब तब भगवान विष्णु अवतरित होते है और अधर्मियों का सर्वनाश करते हैं। इसलिए कहा गया है कि भगवान के घर में देर है अंधेर नहीं। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या के गर्भ से भगवान श्री राम ने जन्म लिया। प्रभु श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे जिन्हें मानव रूप में पूजे जाने वाले सबसे पुराने देवता मानते हैं ।भगवान श्री राम का जन्म त्रेता युग में हुआ था। श्रीराम का जन्म ईश्वाकु वंश में हुआ था जिसकी स्थापना सूर्य के पुत्र राजा इश्वाकु ने की थी।


अंबाला। कथा में प्रवचन करती साध्वी रेनू भारती। फोटो: हरिभूमि

### कलयुग में भी हनुमान जीवित

रामचरितमानस में लिखा गया है की माता सीता ने हनुमान को आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कहा कि तुम अजर, अमर और गुण निधि हो। रघुनायक के प्रेम के पात्र रहोगे, तो हनुमान प्रत्येक युग में सदा चिरंजीवी रहेंगे। त्रेता युग में हनुमान ने श्री राम की मदद की और द्वापर युग में हनुमान ने भगवान श्री कृष्ण की आज्ञा से अर्जुन के रथ का बचाव किया। कलयुग में भी हनुमान जीवित हैं। अपने भक्तों की रक्षा और उद्धार करते हैं।कथा में प्रसाद की सेवा श्री कृष्ण लाल द्वारा की गई।

विशेषः विश्व विरासत दिवस 18 अप्रैल

हमारे अतीत की पहचान, मानवीय सभ्यता की निशानियां, ऐतिहासिक धरोहरें हम सभी का गौरव हैं। लेकिन आपदाओं और मानवीय संघर्षों से इनके अस्तित्व पर भी संकट मंडराने लगा है। ऐसे में विश्व विरासत दिवस की इस वर्ष की थीम 'संघर्षों और आपदाओं के संदर्भ में जीवंत विरासत के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया'-अत्यंत सामयिक है। हम सभी को विरासतों के संरक्षण के लिए संकल्पित होना चाहिए।

# संघर्षों-आपदाओं के इस दौर में लें विश्व धरोहरों के संरक्षण का संकल्प



कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

बीते कुछ वर्षों से विश्व भर में कई जगहों पर युद्ध और संघर्ष की भयावह स्थिति बनी हुई है। प्राकृतिक और मानवकृत आपदाएं भी अपने चरम पर हैं। आज दुनिया जिस मोड़ पर खड़ी है, वहां केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि हमारी सदियों पुरानी पहचान, हमारी विरासत भी खतरे में है। इस वर्ष विश्व धरोहर दिवस की थीम हमें याद दिलाती है कि जब जानलेवा और विध्वंसक मिसाइल और बम गिरते हैं या नदियां, सागर उफनते हैं, पहाड़ दरकते हैं, तो केवल इमारतें नहीं ढहतीं, बल्कि एक सभ्यता की आत्मा घायल होती है। ऐसे में हमारी सदियों पुरानी अनमोल धरोहरों का संरक्षण, चिंता का बड़ा विषय बन गया है। ये विरासतें कई प्रकार की हैं, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक और जीवंत। ये हमारी पहचान हैं। ये हमारे पूर्वजों, महापुरुषों और विद्वानों की स्मृति के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी के लिए एक दस्तावेज जैसी हैं, जिन्हें सुरक्षित और संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।

## जीवंत विरासत का अर्थ

'जीवंत विरासत' का मतलब सिर्फ पत्थर की दीवारें नहीं होती हैं। इसमें हमारी लोक कथाएं, पारंपरिक संगीत, हस्तशिल्प और वे त्योहार भी शामिल होते हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलते आ रहे हैं। संघर्ष के समय जब लोग विस्थापित होते हैं, तो ये 'अमूर्त विरासत' ही उन्हें अपनी जड़ों से जोड़े रखती हैं। इन्हें बचाना मानवीय गरिमा को बचाने जैसा है। जाहिर है, यह थीम केवल इमारतों या स्मारकों तक सीमित नहीं है, बल्कि 'लिविंग हेरिटेज' यानी हमारी परंपराओं, लोक कलाओं, भाषाओं और उत्सवों पर जोर देती है, जो मानवीय अस्तित्व का अभिन्न अंग हैं।





## हेरिटेज का डिजिटलाइजेशन

**आपदाओं में** भौतिक नुकसान की भरपाई संभव नहीं होती, इसलिए आधुनिक तकनीक (3डी मैपिंग, क्लाउड स्टोरेज) के जरिए विरासत का डिजिटल रिकॉर्ड रखना अनिवार्य हो गया है ताकि भविष्य में पुनर्निर्माण किया जा सके। भौतिक रूप से नष्ट हुई विरासत को दोबारा जीवित करने का एकमात्र तरीका 'डिजिटल ट्विन' तकनीक है। 3डी लेजर स्कैनिंग और ड्रोन मैपिंग के जरिए हर बारीक नक्काशी का रिकॉर्ड रखना अब जरूरत बन गई है, ताकि भविष्य में पुनर्निर्माण सटीक हो सके।

## दोहरे खतरों की पहचान

वर्तमान में दुनिया भर में विरासत दो प्रमुख मोर्चों पर खतरे में हैः पहला, मानव निर्मित सशस्त्र संघर्ष (युद्ध) और दूसरा, प्रकृति जनित जलवायु परिवर्तन व आपदाएं (बाढ़, भूकंप, आग)। बदलते मौसम, अनियंत्रित बाढ़ और भूकंप ने कई प्राचीन शहरों को मलबे में बदल दिया। इसलिए जरूरी है कि आपदा प्रबंधन की योजना में ऐतिहासिक स्मारकों को भी प्राथमिकता दी जाए, ताकि मलबे के साथ इतिहास न दफन हो जाए।

## सांस्कृतिक पहचान पर न हो प्रहार

युद्ध और संघर्ष के दौरान अकसर सांस्कृतिक प्रतीकों को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है ताकि किसी समुदाय की पहचान और मनोबल को तोड़ा जा सके। जब युद्ध और सशस्त्र संघर्ष का क्रूर प्रहार होता है तो सांस्कृतिक पहचान पर चोट पहुंचती है। रूस-यूक्रेन से लेकर मध्य-पूर्व (फिलिस्तीन-इजरायल और ईरान-अमेरिका) तक के मौजूदा संघर्षों में हमने देखा है कि ऐतिहासिक संग्रहालयों और पुस्तकालयों को निशाना बनाया गया। इस वर्ष की थीम का मुख्य उद्देश्य, युद्ध क्षेत्रों में इन संपत्तियों को (नो-वॉर जोन) के रूप में मान्यता दिलाना और उनके विनाश को 'युद्ध अपराध' के रूप में कड़ाई से लागू करना है। थीम इसके विरुद्ध एक सुरक्षा कवच तैयार करने की वकालत करती है।



## त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता

विरासत के संरक्षण के लिए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करना जरूरी है, जैसे आग लगने पर फायर ब्रिगेड पहुंचती है, वैसे ही विरासत के लिए 'कल्चरल फर्स्ट एड' की जरूरत होती है। इसमें विशेषज्ञों की ऐसी टीमें शामिल होनी चाहिए, जो संकट के पहले 48 घंटों में कीमती पुरावशेषों को सुरक्षित स्थान पर ले जा सकें या उन्हें प्रोटेक्ट कर सकें। आपदा के समय जिस तरह इंसानी जान बचाने के लिए 'फर्स्ट रिस्पॉन्स' टीम होती हैं, उसी तरह विरासत को बचाने के लिए भी एक त्वरित कार्य योजना और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की जरूरत होती है।

## स्थानीय समुदायों की भूमिका

विरासत का असली संरक्षक वह समुदाय है, जो वहां रहता है। संघर्ष के समय स्थानीय लोगों को 'हेरिटेज वॉरियर्स' के रूप में प्रशिक्षित करना सबसे प्रभावी बचाव साबित होता है।

## नीतिगत सुधार की जरूरत

सरकारों को अपनी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीतियों में 'विरासत संरक्षण' को एक अनिवार्य अध्याय के रूप में जोड़ने की आवश्यकता है। अवैध तस्करी पर लगाम लगाने की भी जरूरत है। अकसर देखा गया है कि संघर्ष और अस्थिरता के दौरान प्राचीन मूर्तियों और कलाकृतियों की चोरी और अंतरराष्ट्रीय तस्करी बढ़ जाती है। थीम का एक हिस्सा यह भी है कि आपातकालीन स्थिति में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सांस्कृतिक संपदा की निगरानी सख्त की जाए।

## भविष्य की तैयारी

इस वर्ष की थीम हमें याद दिलाती है कि विरासत को बचाना केवल अतीत का सम्मान नहीं है, बल्कि अनिश्चित भविष्य के लिए अपनी जड़ों को सुरक्षित रखना है। संकट के समय विरासत बचाने के लिए भारी धन की आवश्यकता होती है। यूनेस्को और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को एक 'इमरजेंसी हेरिटेज फंड' को और मजबूत करना होगा, ताकि गरीब और विकासशील देशों की विरासत को संसाधनों के अभाव में नष्ट होने से बचाया जा सके।



## नागरिक भी बनें जागरूक

विरासत की रक्षा एक सरकारी जिम्मेदारी से बढ़कर एक नागरिक कर्तव्य भी है। शिक्षा और मीडिया के माध्यम से युवाओं को यह समझाना होगा कि अगर हमारी विरासत मिट गई, तो हमारे पास आने वाली पीढ़ियों को सुनाने के लिए कोई कहानी नहीं बचेगी। लोगों को बताना होगा कि विरासत की रक्षा कोई 'सॉफ्ट टारगेट' नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक शांति का हिस्सा है। संघर्ष थमेंगे और आपदाएं बीत जाएंगी, लेकिन जो विरासत हम खो देंगे, वह कभी वापस नहीं आएगी। समय आ गया है कि हम अपनी पहचान को बचाने के लिए 'रिएक्टिव' होने के बजाय 'प्रोएक्टिव' बनें। *

## अंतरराष्ट्रीय सहयोग

**युद्ध क्षेत्रों** में सांस्कृतिक संपत्ति की सुरक्षा के लिए 'हेग कन्वेंशन' और 'ब्लू शील्ड' जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का सख्ती से पालन करना समय की मांग है। जब कोई समुदाय युद्ध या आपदा से उबरता है, तो अपनी परंपराओं (जैसे सामूहिक नृत्य या उत्सव) को फिर से शुरू करना उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करता है। विरासत केवल बीता हुआ कल नहीं, बल्कि भविष्य की आशा है। आपदा या युद्ध के बाद जब लोग अपनी परंपराओं और उत्सवों (लिविंग हेरिटेज) की ओर लौटते हैं, तो यह सामाजिक एकजुटता को वापस लाने में मदद करता है।







नवगीत
माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## प्रथम गीत लिखने वाले ने

प्रथम गीत लिखने वाले ने,
कितना दर्द सहा होगा।
आंखों से उसका हर सपना,
अनगिन बार बहा होगा।
अपने आतुर अरमानों को
ढांढ़स देकर फुसलाकर
रेतीले महलों के जैसे
सागर तट तक ले जाकर
जितनी बार बनाया होगा,
उतनी बार ढहा होगा।
राग से विमुखता होने पर,
मन होता है वैरागी
सिंचित हुए बिना मधुरस के
कौन हुआ है अनुरागी
कानों में चुपके से कोई
कुछ न कुछ तो कहा होगा।
जब विश्वास टूटता है तो
दिल से आह निकलती है
बागी होकर स्वयं लेखनी
अपनी राह बदलती है
दुख देने वाला मानस में,
कोई नाम रहा होगा।

व्यंग्य / भूपेंद्र भारतीय

## विचारक बनने की हवा

भिया का मन मंच की ओर जाने के लिए तड़फड़ाने लगा। शब्द विचार बनने को बेताब होने लगे, भिया का विचारक व्यक्तित्व अवतरण लेने लगा। दुनिया को एक और विचारक मिलने वाला है।



भिया इन दिनों विचारक बनने की यात्रा में हैं। चुनाव दूर है तो यही कर लिया जाए। ऐसा भिया के मन में विचार उमड़ा। विचार क्या, यह भिया के लिए क्रांतिकारी कदम जैसा है। अब तक माला, माइक, मंच व फोटो की ही हवा चल रही थी, लेकिन विचारों की हवा का अभाव था! भिया को फिर विचार आया कि इन सभी के साथ मुझे एक बड़ा विचारक भी होना चाहिए। जनता बात-बात में माइक पकड़ा देती है। ऐसे में बिना विचार के विचारक कैसे बन सकते हैं? मंच का संचालन करने वाला तो दो शब्द कहने को ही कहता है लेकिन वे दो शब्द मंच से जनता तक पहुंचाने में बड़ी मशक्कत करनी होती है। कभी-कभी तो विचारों के आभाव में एक शब्द भी नहीं निकलता। सिर्फ हवा ही माइक से निकलती है। इन सभी बातों को ध्यान में रखकर भिया आजकल विचारक बनने के लिए लंबी-लंबी चिंतन बैठकें कर रहे हैं। कई-कई कप चाय सुड़कते हुए, सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए कागज-कलम के साथ विचारक बनने की प्रैक्टिस करने लगे हैं।

मगर विचारक बनने की इस बेचैनी में एक तरफ विचार है कि आ नहीं रहे हैं और कार्यकर्ता भिया के लिए नए-नए मंच तैयार कर रहे हैं। भिया के विचारक बनने की हवा चलाने के लिए क्षेत्र में पहले से धंसी पड़ी कुछ संस्थाओं को पुनर्जीवित किया गया और कुछ नई संस्थाओं का निर्माण किया गया। कार्यकर्ता जी-जान से भिया के विचारक बनने की हवा बनाने लगे और इधर अभी भिया पक्के विचारक बने ही नहीं और कार्यकर्ताओं ने 'भ्रष्टाचार हटाओ अभियान' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भिया का नाम लिखा दिया। भिया चिंतित हैं कि अब इस विषय पर मैं क्या बोलूं? यह विषय तो मेरी विपरीत धारा का है। अब तक तो भ्रष्टाचार के मामलों में हम घिरते ही आए हैं और अब इस पर विचार कैसे रखूं? इस विचित्र मामले में कैसे हवा बनाऊं? यह कैसे संभव होगा। बस, फिर क्या था! भिया को भी विपरीत परिस्थिति ने ही मार्ग दिखाया। जैसे बड़े नेता विपरीत परिस्थितियों में ही अपनी छवि को और अच्छे से चमका लेते हैं। भिया ने भी झट से अवसर को लपक लिया।

ऐसी विपरीत परिस्थिति में नए-नए विचार आने लगे, उन्हें लगने लगा। विचारक बनने की हवा शुरू हो गई है। भिया अपने विषय की भूमिका बनाने लगे। भ्रष्टाचार हटाओ अभियान सिर्फ नारा नहीं, हमारे क्षेत्र व जनता के लिए एक क्रांति लाने वाला है। ऐसे अजीबो-गरीब विचार भिया के मन में गुड़गुड़ाने लगे। भिया का मन मंच की ओर जाने के लिए तड़फड़ाने लगा। शब्द विचार बनने को बेताब होने लगे, भिया का विचारक व्यक्तित्व अवतरण लेने लगा। दुनिया को एक और विचारक मिलने वाला है। यह विचारों की क्रांति है। इससे पहले भिया चुनावों में बड़ी-बड़ी हवा बना चुके थे। विकास की हवा चलाने में भिया से बड़ा नेता आज तक उनके क्षेत्र में कोई दूसरा आया ही नहीं। शिक्षा विभाग से लेकर राजस्व विभाग तक ऐसा कोई मलाईदार विभाग भिया की टीम से छूटा नहीं, जिसमें भिया ने चुनाव जीतने के छः माह बाद ही अपनी हवा नहीं चलाई हो। लिफाफे की हवा, फिक्स रेट की हवा, ट्रांसफर की हवा, खदान लेने की हवा, ठेका देने की हवा, सरकारी नौकरी देने की हवा जैसी सैकड़ों हवाएं हैं, जो क्षेत्र में निरंतर पांच साल चलती रहीं। भिया की जीत से छः माह के बाद ही अधिकांश विभाग उनकी हवा से महकने लगे।

ऐसे ही विचार भिया के मन में क्रांति की हवा बनाने लगे। भिया को विचारक बनने की हवा धीरे-धीरे आने लगी। इस हवा को और बड़ा करने में कार्यकर्ता सोशल मीडिया का सहारा लेने लगे। जेन-जी को इस हवा से जोड़ने की कोशिश की जाने लगी।

धीरे-धीरे विचारक बनने की हवा सभी ओर फैलने लगी। सुबह जैसे ही भिया घर से क्षेत्र के लिए निकलते उनकी लग्जरी कार में लगे हूटर से उनके विचारक होने की हवा चलने लगती। फेसबुक पर जनता के नाम संदेश देने में बड़े विचारक होने की हवा का हल्ला रहता।

इधर धीरे-धीरे ऑनलाइन मीटिंग में भी भिया विचारक सिद्ध होने लगे। अपने दल में उनकी हवा बढ़ने लगी। वे एक बुद्धिजीवी की श्रेणी में आ गए। विचारक बनने की हवा ने बड़ा काम कर दिया। भिया विचारक की हवा से राजनीति में लंबा उड़ने की सोचने लगे। अपने दल की ओर से प्रवक्ता बनकर राष्ट्रीय मीडिया में बैठकर राष्ट्रीय स्तर पर हवा चलने के सपने आने लगे। भिया के चेले-चपाटे उनके लिए नए-नए मंचों का निर्माण करने लगे। विचारक बनने की हवा क्षेत्र में तीव्र गति से चलने लगी। पुराने विचारक और बुद्धिजीवी चिंतित होने लगे। भिया की विचारक बनने वाली हवा में पूरा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर होने लगा। *

लघुकथा / सुनील कुमार महला

## कर्तव्यबोध



विशाखा एक शहर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहती थी। कॉलोनी के बीचों-बीच एक सुंदर सार्वजनिक पार्क था। चारों ओर हरे-भरे पेड़-पौधे, रंग-बिरंगे फूल, बच्चों के झूले और फिसलन-पट्टी उसे जीवंत बनाते थे। सुबह-शाम कॉलोनी के बच्चे, बुजुर्ग और परिवार के लोग वहां टहलने, बैठकर बातें करने और समय बिताने आया करते थे। गर्मियों के दिन शुरू हुए तो किसी संवेदनशील व्यक्ति ने पक्षियों के लिए पेड़ों पर सात-आठ परिंडे (मिट्टी के बर्तन) टांग दिए। पार्क के एक कोने में दाना चुगने का स्थान भी बना था, जहां तोते, कबूतर, कौवे, गौरैया और मैना आदि पक्षी आकर दाना चुगते थे। जब भीषण गर्मी पड़ने लगी तो कुछ ही दिनों में उन परिंडों का पानी सूख गया। लोग रोज पार्क में आते, घूमते, बातें करते, बच्चे खेलते, लेकिन किसी की नजर उन सूखे परिंडों पर नहीं ठहरती। विशाखा की नजर भी कई बार उन पर पड़ती, लेकिन फिर भी उसने इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी। मन में बस यही विचार आता-यह काम मेरा अकेले का नहीं है, कॉलोनी में और भी तो लोग हैं। एक दिन उसका बेटा अमन पार्क में खेलते-खेलते उन परिंडों के पास पहुंच गया। उसने देखा कि वे पूरी तरह सूखे पड़े हैं। घर आकर उसने अपनी मां से कहा, 'मम्मा, पार्क में पक्षियों के परिंडों में कई दिनों से पानी नहीं है।' विशाखा ने सहज भाव से उत्तर दिया, 'कॉलोनी में इतने लोग हैं, क्या सिर्फ हमारी ही जिम्मेदारी है इन्हें भरने की?' अमन ने शांत स्वर में कहा, 'मम्मा, जिम्मेदारी सबकी होती है, लेकिन सब कुछ जानते हुए भी उसे निभाने से बचना सबसे बड़ी गलती है।' बेटे की बात सुनकर विशाखा कुछ पल के लिए मौन रह गई। उसे आभास हुआ, कभी-कभी छोटे बच्चे भी हमें बड़ा सच सिखा देते हैं। विशाखा को अपने कर्तव्यबोध का अहसास हो चुका था। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## जब आदिवासी गाता है




**पुस्तकः** जब आदिवासी गाता है (कविता संग्रह), **रचनाकारः** जमुना बीनी, **मूल्यः** 250 रुपए, **प्रकाशकः** राधाकृष्ण पेपरबैक्स, दिल्ली

भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश से आने वालीं लेखिका जमुना बीनी का कविता संग्रह 'जब आदिवासी गाता है' कुछ समय पूर्व छपकर आया है। यहां, कहीं आदिवासी जीवन की त्रासदी का स्वर सुनाई पड़ता है, *'जिनको उखड़ना/ पड़ता है/ बार-बार/ अपनी जड़ों से/ उनके लिए/ वाकई/ भविष्य शब्द के/ क्या मायने हैं?'* (भविष्य)। तो कहीं प्रकृति से दूर किए जाने का दर्द भी छलकता है, *'पहाड़-पृथ्वी के प्राचीन वासी/ हमारे पुरातन संगी/ अलग नहीं कर सकते हम/ उनसे खुद को।'*(पहाड़ और आदिम निवासी)। कुछ कविताओं में आधुनिक जीवन में डिजिटल संक्रमण से पसरती संवेदनशून्यता को भी कवयित्री ने कटघरे में खड़ा किया है। इसकी बानगी इन पंक्तियों में देखी जा सकती है। *'निश्चय ही/ हमारी संवेदनाएं/ जंग खाती जा रही हैं/ वीभत्स में/ लोग अब/ लेने लगते हैं स्वाद'*(डर)। और *'जितना ज्यादा चॉइस/ उतनी अधिक कशमकश/ चॉइस की भरमार/ इनसान को/ उलझाते/ और/ भरमाते ज्यादा/ सुलझाते कम।'* (टेलिविजन चैनल)। *

{ पर्यटन स्थल / समीर चौधरी }

वैसे तो समुद्र तट का नैसर्गिक नजारा हर नेचर लवर को आकर्षक लगता ही है। लेकिन दुनिया के कुछ समुद्र तट इतने विशाल-लाजवाब हैं कि दूर-दूर से पर्यटक इन्हें निहारने आते हैं। शांत, खुले तट से लेकर स्थानीय जीवन से भरे हुए ये समुद्र तटीय क्षेत्र प्रकृति को अपने सबसे प्रभावी रूप में पेश करते हैं। ऐसे ही कुछ खूबसूरत और विशाल सी बीचेज के बारे में आप भी जानिए।



## लाजवाब-खूबसूरत नजारा पेश करते
# दुनिया के ये समुद्र तट



### नाइंटी माइल बीच ऑस्ट्रेलिया

**नाइंटी माइल** बीच ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में स्थित है, जो 151 किमी. में फैला हुआ है और व्यस्त शहरी जीवन के विपरीत सुकून और शांति भरे लम्हों का यादगार अनुभव प्रदान करता है। इसका तट ऐसा प्रतीत होता है, जैसे कभी खत्म ही न होगा। तट के बीच-बीच में रेत के टीले, छोटी झीलें और संरक्षित वाटर रिजर्व आपको देखने को मिल जाएंगे। तट का पानी एकदम स्वच्छ है, जिससे तैराकों और मछुआरों के लिए यह पसंदीदा स्थल बन जाता है। हालांकि इसका नाम नाइंटी माइल है लेकिन इसके विपरीत यह 90 मील से अधिक लंबा है। इसके शांतिपूर्ण एकांत में गजब का आकर्षण है। *

### प्राया डो कैस्सिनो ब्राजील

**दक्षिण अमेरिकी** देश ब्राजील के दक्षिणी तट पर प्राया डो कैस्सिनो, दुनिया का सबसे लंबा समुद्र तट है, जो लगभग 254 किमी. तक फैला हुआ है। इसकी प्रभावी लंबाई रिओ ग्रांडे बंदरगाह से शुरू होकर उरुग्वे की सीमा तक जाती है। यह क्षेत्र अपने दूर तक फैले रेत, समुद्र के किनारे जीवंत शहरों और अकसर समुद्र के किनारे धूप सेंकते सी लायंस की मौजूदगी के लिए विख्यात है। यह सी बीच, स्थानीय लोगों की पसंदीदा जगह है, जहां लोग लांग ड्राइव, तटीय फिशिंग और ठंडी हवा में वॉक करना खूब पसंद करते हैं। *

### पद्रे सी आईलैंड बीच अमेरिका

**संयुक्त राष्ट्र** अमेरिका में टेक्सास के तट पर पद्रे द्वीप है, जोकि संसार का सबसे लंबा बैरियर द्वीप है। यह वन्यजीवों का अभयारण्य है, जिसमें दुर्लभ सी टर्टल और समुद्री पक्षियों की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं। पद्रे आइलैंड नेशनल सी-शोर लगभग 112 किमी. लंबा है। इस बीच को नम हवा भरे वातावरण और वन्यजीवों के कारण विशेष रूप से पसंद किया जाता है। पर्यटक अकसर यहां कैंपिंग करने, पक्षियों को देखने और खाड़ी के किनारे वाक के लिए आते हैं। *



### कॉक्स बाजार सी बीच बांग्लादेश

**बांग्लादेश में** स्थित कॉक्स बाजार बीच पर अकसर इस बात का जश्न मनाया जाता है कि यह संसार के सबसे लंबे प्राकृतिक समुद्र तटों में से एक है। बंगाल की खाड़ी में इस तट की लंबाई 120 किमी. है। इसके तट पर अनोखी चट्टानें, मुलायम रेत और जीवंत स्थानीय संस्कृति के दर्शन होते हैं, जो फिशिंग और पर्यटन के लिए फेमस हैं। जब दूर इसके क्षितिज में सूरज पानी में डूबता दिखता है, तो पूरा बीच दिल को अनोखा सुकून देने वाले रंगों से चमक उठता है। *





### नाइंटी माइल बीच न्यूजीलैंड

**ऑस्ट्रेलिया की** तरह न्यूजीलैंड के एक समुद्र तट का नाम भी नाइंटी माइल बीच है, लेकिन इसकी लंबाई 88 किमी. है, जो इसके नाम से दो किलोमीटर कम है। अपनी अनोखी सुंदरता से यह पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। ऐसे प्रमाण मिलते हैं कि अतीत में इसे हॉर्स राइडिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता था। अब इसे एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए यूज किया जाता है। यहां मौजूद सरफिंग स्पेस और रेत के ऊंचे-ऊंचे टीले इसे बहुत आकर्षक बना देते हैं। *

### बैंकूवर द्वीप लांग बीच कनाडा

**कनाडा के** बैंकूवर द्वीप के पश्चिमी तट पर लांग बीच स्थित है। यह सिर्फ 16 किमी. लंबा है, जिससे यह काफी छोटा सी बीच माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के सबसे सुंदर सी बीच में शामिल है। इसके दूर तक फैले समतल रेतीले समुद्र तट सभी को आकर्षित करते हैं। यह बीच कनाडा के संरक्षित राष्ट्रीय पार्क का हिस्सा है। यह बीच कोहरे भरी सागर तटीय सुबह और सरफिंग के लिए विख्यात है। *



## अपनाएं ये गोल्डेन रूल्स
# संवारें अपना सुनहरा भविष्य

सुनहरे भविष्य के लिए उचित दिशा में सही सही रणनीति के साथ मेहनत करना तो जरूरी है ही। साथ ही अगर कुछ गोल्डेन रूल्स को फॉलो किया जाए तो सफलता पाने की राह आसान हो जाएगी। ऐसी ही कुछ छोटी बातें आप भी अपने जीवन में अपना सकते हैं।

{ सेल्फ इंप्रूवमेंट / अंजू जैन }



कई बार कड़ी मेहनत के बावजूद हमें वे परिणाम नहीं मिल पाते, जो हम चाहते हैं। विश्व प्रसिद्ध विचारकों के अनुभव बताते हैं कि सफलता का असली राज हमारी सोच, कर्मठता और भावनाओं में छिपा होता है। हम अपने भाग्य के स्वयं विधाता हैं। यदि हम अपनी आंतरिक भावनाओं को सुधार लें, तो बाहरी परिस्थितियां अपने आप बदलने लगती हैं।

**पहचानें अपनी भावनाएं:** हमारी भावनाएं और वाइब्रेशंस हमारे जीवन के अनुभवों को निर्धारित करती हैं। हम जो महसूस करते हैं, वही हम अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर हम सकारात्मक भावनाओं (जैसे खुशी, प्रेम, उत्साह) पर ध्यान केंद्रित करें, तो हम अपने जीवन में सकारात्मक परिणाम ला सकते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक भावनाएं (जैसे डर, गुस्सा, निराशा) नकारात्मक अनुभवों को आकर्षित करती हैं।





जब तक हम अपने लक्ष्य के प्रति उत्साहित महसूस नहीं करेंगे, तब तक वह हकीकत नहीं बनेगा। बेस्ट सेलर पुस्तक 'एक्सक्यूज मी, योर लाइफ इज वेटिंग' की लेखिका लिन ग्रैबहॉर्न कहती हैं, 'ब्रह्मांड में हर चीज एक ऊर्जा या फ्रीक्वेंसी पर काम करती है। यदि आप लगातार डर, चिंता या कमी के बारे में महसूस करते हैं, तो आप अनजाने में वैसी ही स्थितियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे होते हैं। अपनी फ्रीक्वेंसी बदलने का मतलब है, अपनी आंतरिक स्थिति को बदलना।'

**कमी के बजाय संभावनाओं पर ध्यान दें:** ज्यादातर लोग इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि उनके पास क्या 'नहीं' है। अनुभवी और सफल लोगों का कहना है कि आप जिस चीज पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, वह बढ़ती जाएगी। यदि आप अपनी समस्याओं के बजाय समाधान और संभावनाओं पर ध्यान देंगे, तो आपके जीवन में खुशहाली के द्वार खुलेंगे। इसलिए सकारात्मक भावनाओं को महसूस करें। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की भावना को अभी से महसूस करें। उदाहरण के लिए, अगर आप धन चाहते हैं, तो धनी होने की खुशी और आत्मविश्वास को महसूस करें। विश्वास रखें कि ब्रह्मांड आपके इरादों को साकार करने में मदद करेगा।

**दबाव में न आएं:** जब हम किसी चीज के लिए बहुत ज्यादा कोशिश करते हैं, तो हम अकसर दबाव महसूस करते हैं। यह दबाव नकारात्मक ऊर्जा पैदा करता है। इसके बजाय, ऐसा महसूस करें जैसे वह लक्ष्य पूरा होने ही वाला है बस, जरा-सी कोशिश और करनी है। यह सहजता ही आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। नेपोलियन हिल कहते हैं, 'इंसान का दिमाग जो सोच सकता है और जिसमें विश्वास कर सकता है, उसे वह हासिल भी कर सकता है।'

**आभार का जादू इस्तेमाल करें:** आभार का जादू केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक शक्तिशाली 'कॉस्मिक टूल' है। जो आपके पास है, उसके लिए आभारी होना आपकी वाइब्रेशन को तुरंत 'उच्च स्तर' पर ले जाता है। प्रसिद्ध दार्शनिक और लेखक मैस्टर एकहार्ट के अनुसार, 'यदि आप अपने पूरे जीवन में केवल एक ही प्रार्थना करते हैं, 'धन्यवाद' तो यही काफी है।' यह साधारण सा शब्द आपके जीवन में अधिक आशाओं और अच्छी चीजों को आमंत्रित करता है।

**'एक्सक्यूज मी' कहना सीखें:** अकसर हम दूसरों को खुश करने के चक्कर में अपनी मानसिक शांति दांव पर लगा देते हैं। लेकिन उन चीजों या लोगों को 'एक्सक्यूज मी' कह कर आगे बढ़ जाना जरूरी है, जो आपकी ऊर्जा को सोख लेते हैं। ऐसे लोगों को ज्यादा तवज्जो न दें। स्वयं को प्राथमिकता देना स्वार्थ नहीं, बल्कि आपकी वेल बीइंग के लिए जरूरी है।



**पहचानें आप क्या चाहते हैं:** अपने जीवन में उन चीजों को पहचानें जो आपको पसंद नहीं हैं या जो आपको परेशान करती हैं। इससे आपको स्पष्टता मिलती है कि आप वास्तव में क्या चाहते हैं। साथ ही यह भी तय करें कि आप क्या नहीं चाहते हैं। स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करें कि आप अपने जीवन में क्या हासिल करना चाहते हैं, जैसे खुशी, सफलताएं या बेहतर रिश्ते। जिन चीजों से परेशानी होती है और ऊर्जा नष्ट होती है, उनसे दूर रहना सीख लीजिए।

**छोटी-छोटी खुशियों का महत्व समझें:** बड़ा बदलाव लाने के लिए हमेशा बड़े कदम उठाना जरूरी नहीं है। कभी-कभी एक अच्छा संगीत सुनना, प्रकृति में टहलना या किसी पुराने मित्र से बात करना भी आपकी मानसिक ऊर्जा को बदल सकता है। यही छोटे चुनाव बड़े परिणामों की आधारशिला रखते हैं। हर छोटी से छोटी उपलब्धि को सेलिब्रेट करें, उत्साहित हों। *

{ नदीगाथा / वीना गौतम }

## थार मरुस्थल की जीवनरेखा लूनी नदी



अरावली पर्वतमाला में अजमेर के पास स्थित नाग पर्वत से निकलने वाली लूनी नदी, एकमात्र ऐसी नदी है, जो थार के मरुस्थल से होकर बहती है। यह भारत की सबसे बड़ी और अकेली अंतःस्थलीय (इनलैंड) नदी है यानी यह नदी समुद्र तक नहीं पहुंचती बल्कि कच्छ के रण में ही विलीन हो जाती है। इसे थार के मरुस्थल की जीवनरेखा कहते हैं, जो भले सीमित जल संसाधन की मालिक हो, लेकिन इसी की बदौलत थार मरुस्थल में जैव विविधता मौजूद है यानी लूनी नदी रेगिस्तान में बहने वाली ऐसी नदी है, जिसके आस-पास का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद संवेदनशील और अनूठा है।

**नदी की विशिष्टताएं:** लूनी इस नदी की लंबाई कुल 495 किलोमीटर है और अपनी प्रकृति के हिसाब से ये मौसमी नदी है, जो अरावली पर्वतमाला से निकलकर गुजरात में कच्छ के रण में विलीन हो जाती है। लूनी नदी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस नदी का शुरुआती सिरा मीठे पानी का और अंतिम सिरा खारे पानी का है। इस मामले में शायद यह दुनिया की ऐसी खास नदी है, जो एक साथ मीठी और खारी दोनों है। अंतःस्थलीय लूनी नदी को अजमेर के पास सागरमती कहा जाता है। करीब 150 किलोमीटर बहने के बाद इसे लवणी या लूणी कहा जाने लगता है। यह पूरी तरह से वर्षा आधारित यानी (रेन फेड) नदी है। इसके बहाव का मुख्य भाग राजस्थान में है और अंतिम भाग गुजरात में है।

**मानसून आधारित नदी:** मौसमी नदी लूनी, दक्षिण-पश्चिम मानसून पर आधारित है। इसका प्रवाह जुलाई से सितंबर के बीच रहता है, जिसमें शुरू में तेज बहाव होता है, यहां तक कि कई जगहों में यह बाढ़ का कारण भी बनती है। लूनी नदी की खासियतों में एक यह भी है कि यह नदी पूरी तरह से वर्षा से प्रभावित नदी है। अगर जरा भी बारिश अनियमित होती है, तो यह भी अनियमित हो जाती है।

**कुछ हिस्सा है खारा:** निचले छोर यानी जालोर से कच्छ के बीच इस नदी का पानी खारा हो जाता है। क्योंकि यहां यह रेतीले मैदानों और दलदली क्षेत्र में होकर गुजरती है। भले यह गंगा और यमुना जैसी सांस्कृतिक और सभ्यतामूलक नदी धारा के रूप में न पहचानी जाती हो, लेकिन इसके किनारे भी सभ्यता के कुछ विशेष रूप जन्मे हैं और कुछ राजस्थानी शहर भी इसके किनारे स्थित हैं- जैसे अजमेर, पाली, जोधपुर। *

आज युवाओं के लिए सनग्लासेज एक ऐसी एक्सेसरीज है, जो उन्हें धूप से बचाने के साथ ही उनकी पर्सनालिटी को अपग्रेड भी करती है। यह डिजिटल-रियल दोनों दुनिया में यंगस्टर्स की पर्सनालिटी को समर स्वैग देती है।

## अट्रैक्टिव सनग्लासेज बढ़ा दे
# यंगस्टर्स का समर स्वैग

{ सीजनल फैशन / प्रतिमा अरोड़ा }






गर्मी शुरू होते ही सिर्फ तापमान नहीं बढ़ता बल्कि युवाओं का फैशन मीटर भी हाई हो जाता है। कॉलेज कैंपस, कैफे, मॉल, ट्रैवल स्पॉट, हर जगह एक खास तरह की स्टाइल एनर्जी देखने को मिलती है। उनके इस समूचे 'समर स्वैग' को किसी एक एक्सेसरीज के जरिए व्यक्त करना हो, तो वो है-सनग्लासेज।

सनग्लासेज या धूप का चश्मा सिर्फ चिलचिलाती गर्मी से बचने भर का जरिया नहीं रह गया है बल्कि अब यह एक ऐसी पहचान बन चुका है, जो यंगस्टर्स की पर्सनालिटी को गर्मियों का खास लुक देता है।

**एटीट्यूड का हिस्सा:** एक समय तक सनग्लासेज को गर्मी के मौसम की एक जरूरत माना जाता था, आंखों को धूप से बचाने के लिए लेकिन अब यह एक एटीट्यूड एक्सेसरीज बन चुका है। जैसे ही कोई सनग्लास पहनता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज बदल जाती है। थोड़ा आत्मविश्वास, थोड़ा रहस्य और थोड़ा 'मैं सबसे अलग हूं' का भाव उसकी पर्सनालिटी में आ जाता है। इंस्टाग्राम रील से लेकर कॉलेज फेस्ट तक अगर किसी एक एक्सेसरीज पर सबसे ज्यादा जोर दिखता है, तो वह है सनग्लास। यही कारण है कि सनग्लासेस को यंगस्टर्स के एटीट्यूड का सबसे खास हिस्सा माना जाता है।

**सोशल मीडिया का बड़ा रोल:** आज के दौर का फैशन सिर्फ सड़क या कॉलेज में दिखाने तक सीमित नहीं है बल्कि सच बात तो यह है कि वह बाकी किसी भी जगहों से ज्यादा सोशल मीडिया के लिए होता है। गर्मी के दौरान सनग्लासेज, डिजिटल फैशन का सबसे इंपॉर्टेंट पार्ट बन जाता है। चेहरे पर सनग्लास लगी सेल्फी ज्यादा शार्प होती है, इसमें आंखों का एक्सप्रेशन कंट्रोल किया जा सकता है। सनग्लास की वजह से एक कूल और कंट्रोल्ड इमेज बनती है। यही कारण है कि युवाओं के सनग्लास सिर्फ पहनने की चीज नहीं बल्कि कंटेंट क्रिएशन का टूल बन चुका है।



**फैशन+परफेक्शन=परफेक्ट समर कॉम्बो:** गर्मी के मौसम में जहां एक तरफ स्टाइल जरूरी है, वहीं दूसरी तरफ आसमान से बरसती आग से बचना भी जरूरी है। इसलिए सनग्लासेज इस मौसम के लिए सबसे परफेक्ट कॉम्बो एक्सेसरीज माने जाते हैं। सनग्लासेज इस बैलेंस को सचमुच परफेक्ट बनाते हैं, क्योंकि इनसे- तेज धूप से आंखों की सुरक्षा संभव होती है। पसीने और थकान में भी फ्रेश लुक बनी रहती है। ट्रैवल के दौरान आरामदायक विजन मिलता है यानी यह एक्सेसरीज सिर्फ दिखने के लिए नहीं बल्कि जीने के तरीके को भी आसानी से बदल देती है।

**कई वैरायटीज में उपलब्ध:** सनग्लासेस आज एक्सेसरीज में बदल चुके हैं। अब ये टिंटेड लैंस यानी ब्लू, यलो और पिंक कलर में भी उपलब्ध हैं। आज बाजार में सनग्लासेज बोल्ड और ड्रामेटिक दिखने वाले ओवरसाइज्ड फ्रेम में भी मौजूद हैं। सनग्लासेज वो एक्सेसरीज हैं, जिसे युवा सबसे ज्यादा एक्सप्लोर करते हैं, क्योंकि इनके जरिए अब हर चेहरा अपना एक अलग स्टाइल कैरी कर सकता है। *

{ बड़ा पर्दा / मनोज प्रकाश }

बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव रोल निभाने वाले एक्टर्स यानी खलनायकों को भले ही हीरो जैसा स्टारडम नहीं मिलता लेकिन उनकी पॉपुलैरिटी किसी भी मायने में नायकों से कम नहीं होती है। कुछ एक्टर्स तो आज भी याद किए जाते हैं। ऐसे ही कुछ बेहतरीन खलनायकों पर एक नजर।

## नायकों से कम पॉपुलर नहीं
# बॉलीवुड के ये खलनायक


प्राण


अमरीश पुरी


अमजद खान


प्रेम चोपड़ा

अपने शुरुआती दौर से ही बॉलीवुड फिल्मों में कई ऐसे खलनायक यानी विलेन हुए हैं, जिन्होंने बड़े पर्दे पर अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। दर्शकों को सांस रोककर 'अगले पल क्या होगा?' सोचने को मजबूर कर दिया, इन्हें खौफ का पर्याय माना जाने लगा। 'प्रेम नाम है मेरा-प्रेम चोपड़ा।', 'अरे ओ सांभा, कितने आदमी थे?', 'सारा शहर मुझे लॉयन के नाम से जानता है।', 'मोगैंबो खुश हुआ!' हिंदी फिल्मों के खलनायकों द्वारा बोले गए ऐसे कई संवाद आज भी जीवंत बने हुए हैं।

**ये एक्टर हुए सर्वाधिक चर्चित:** बात जब हिंदी फिल्मों के खलनायकों की होती है तो सबसे पहले जो नाम जेहन में उभरते हैं, उनमें शामिल हैं-के.एन. सिंह, कन्हैया लाल, प्राण, अजीत, प्रेमनाथ, मदन पुरी, अमजद खान, जीवन, डैनी डेंजोंगपा, कुलभूषण खरबंदा, अमरीश पुरी, मुकेश तिवारी, कृष्ण धवन, प्रेम चोपड़ा, गुलशन ग्रोवर, रंजीत, शक्ति कपूर, कादर खान, रजा मुराद, परेश रावल, सदाशिव अमरापुरकर, किरण कुमार। एक बात यह भी है कि संजीव कुमार से लेकर कबीर बेदी तक और शाहरुख खान, ओम पुरी, मोहनीश बहल, अक्षय कुमार, आमिर खान, सैफ अली खान, संजय दत्त, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, रणवीर सिंह, अनुपम खेर जैसे अभिनेताओं ने भी कम लेकिन विलेन के शानदार रोल निभाए हैं।


अनुपम खेर


कुलभूषण खरबंदा

**यादगार खलनायकों में शामिल गब्बर सिंह:** बॉलीवुड में अब तक निभाए गए खलनायक के सबसे प्रभावशाली और यादगार किरदारों में 1975 में आई फिल्म 'शोले' का गब्बर सिंह शामिल है। जिसे पर्दे पर जीवंत किया था अभिनेता अमजद खान ने। पूरे फिल्म सिनेरियो पर नजर दौड़ाएं तो अमजद खान, सिर्फ गब्बर के रोल के कारण अपने पूर्व, समकालीन और बाद के फिल्मी खलनायकों से काफी ऊपर हैं। 'जो डर गया समझो मर गया', 'कितने आदमी थे', 'ये हाथ हमको दे दे ठाकुर', 'तेरा क्या होगा कालिया', फिल्म 'शोले' में गब्बर सिंह का एक-एक संवाद खूब पॉपुलर हुआ और आज भी लोगों की जुबान पर है।

**'शान' का क्रूर विलेन शाकाल:** 'शोले' के बाद की कई फिल्मों में गब्बर सिंह की तरह ही फिल्म के विलेन को खतरनाक और प्रभावशाली ढंग से दिखाने का प्रयास किया गया। 1980 में आई 'शान' में शाकाल का रोल प्ले किया था कुलभूषण खरबंदा ने। 'शाकाल के हाथ में जितने पत्ते होते हैं, उतने ही पत्ते उसकी आस्तीन में होते हैं', 'आदमी दुनिया में हर काम कभी न कभी पहली बार करता ही है', जैसे डायलॉग्स उन दिनों खूब लोकप्रिय हुए थे।

**प्रेम चोपड़ा का अलग अंदाज:** 'मैं वो बला हूं जो शीशे से पत्थर तोड़ता हूं।' प्रेम चोपड़ा का वह संवाद, जिसे उन्होंने 1983 में 'सौतन' फिल्म में बोला था, उनकी पहचान बन गया। प्रेम चोपड़ा तो अपने रियल नाम से भी फिल्मों में फेमस हुए। 1973 की 'बॉबी' में जब वह कहते हैं, 'प्रेम नाम है मेरा', तो सिनेमा हाल में बैठे हुए दर्शक समझ जाते कि अब नायक-नायिका के साथ कुछ गड़बड़ होने वाली है।

**'कर्मा' का इंटेंस विलेन डॉक्टर डैंग:** 1986 की फिल्म 'कर्मा' में अनुपम खेर ने डॉक्टर डैंग की यादगार नकारात्मक भूमिका निभाई थी। फिल्म के एक दृश्य में दिलीप कुमार से थप्पड़ खाने के बाद डॉक्टर डैंग का यह डायलॉग, 'इस थप्पड़ की गूंज तुम्हें मरते दम तक सुनाई देगी जेलर।' आज भी दर्शक नहीं भूले हैं। इसके बाद उन्होंने जिस तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त की वह डॉक्टर डैंग को दर्शकों के बीच चर्चित कर गया। फिल्म में अनुपम खेर के किरदार और उनके अभिनय को खूब पसंद किया गया।


शक्ति कपूर


रंजीत

**कोई नहीं अमरीश पुरी जैसा:** हिंदी फिल्मों में कई खलनायक ऐसे हुए हैं, जो पर्दे पर जब तेवर दिखाते हैं तो सामने वाले हीरो पर पूरी तरह हावी हो जाते हैं। ऐसे ही विलेन में अमरीश पुरी भी शामिल हैं। अमरीश पुरी ने 'मिस्टर इंडिया' और 'लोहा' में ऐसे अपना रोल निभाया कि पर्दे पर उनके आते ही दर्शक सीट से उठते ही नहीं थे। दोनों फिल्मों में एक दशक का अंतर था। गब्बर के बाद अमरीश पुरी ही ऐसे खलनायक रहे हैं, जिनके संवाद बच्चों को भी याद हैं। 'मिस्टर इंडिया' में उनके बोले संवाद 'मोगैंबो खुश हुआ' को आज भी बच्चे बोलते रहते हैं।

**इनकी खलनायकी ने कायम की मिसाल:** प्राण ने भी अपनी खलनायिकी के अंदाज से बड़े-बड़े नायकों को पर्दे पर टक्कर दी। उनकी बेहतरीन खलनायिकी को सामने लाने वाली फिल्मों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। प्राण की तरह ही मदनपुरी और प्रेमनाथ भी खलनायिकी करने में उस्ताद थे। प्रेमनाथ का 'पराया धन' तथा 'जॉनी मेरा नाम' में विलेन का रंग बहुत चमकदार रहा। इनके अलावा शक्ति कपूर, किरण कुमार, कादर खान, गुलशन ग्रोवर, रंजीत, परेश रावल और भी कई ऐसे फिल्मी विलेन हुए हैं, जिन्हें नायकों की तरह ही पहचाना जाता है। 'चाइना गेट' में डाकू जगीरा का रोल करने वाले मुकेश तिवारी और 'राम तेरी गंगा मैली' के माणिक लाल उर्फ कृष्ण धवन को भी दर्शक याद करते हैं। *